

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 05

ग्वालियर, शुक्रवार 30 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### अमेरिका ने अमेरिकी नागरिकों से रूस छोड़ने का आग्रह किया

**वॉशिंगटन।** मॉस्को में अमेरिकी दूतावास ने रूस में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों से तत्काल देश छोड़ने का आग्रह किया है, जिसमें यह दावा किया गया है कि रूस सैन्य सेवा के लिए दोहरे नागरिकों को नियुक्त कर सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार दूतावास की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक अलर्ट के मुताबिक रूस दोहरे नागरिकों की अमेरिकी नागरिकता को स्वीकार करने से इनकार कर सकता है, अमेरिकी कांसुलर सहायता तक उनकी पहुंच से इनकार कर सकता है, रूस से उनके प्रस्थान को रोक सकता है और सैन्य सेवा के लिए दोहरे नागरिकों को नियुक्त कर सकता है। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी नागरिकों को रूस की यात्रा नहीं करनी चाहिए और रूस में रहने वाले या यात्रा करने वालों को तुरंत रूस छोड़ देना चाहिए, जबकि सीमित वाणिज्यिक यात्रा विकल्प बने हुए हैं। यूक्रेन के साथ संघर्ष के बीच रूस द्वारा आंशिक लामबंदी की घोषणा के लगभग एक सप्ताह बाद यह सलाह दी गई।

### कुर्दिस्तान में आईआरजीसी ने किया हमला, 13 की मौत, 58 घायल

**इराक।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इराक के उत्तर-पूर्व कुर्दिस्तान क्षेत्र में मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई और 58 घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार मिसाइलों और आत्मघाती ड्रोन के साथ इराकी कुर्दिस्तान में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स हमला किया गया। ब्रिटेन स्थित एक फारसी समाचार के अनुसार एक अमेरिकी नागरिक उमर महमूदज़ादेह हमलों में मारा गया था। आईआरजीसी का कहना है ?कि वह कोमाला पार्टी और कुर्दिस्तान फ्रीडम पार्टी का नाम लेते हुए अलगाववादी आतंकवादी समूहों के खिलाफ हमले शुरू कर रहा था। आईआरजीसी ने कहा कि यह तब तक समूहों के खिलाफ अभियान जारी रखेगा जब तक कि खतरे को खदेड़ नहीं दिया जाता है और आतंकवादी समूहों के मुख्यालय को हमला कर समाप्त नहीं ?किया जाता है। आईआरजीसी के एक डिप्टी कमांडर ने बताया कि इराकी कुर्दिस्तान के खिलाफ हमले के खिलाफ किए गए थे। जिन्होंने अशांति और असुरक्षा पैदा करने के लिए देश पर हमला किया और घुसपैठ की। नीलफोरौशन ने दावा किया कि हाल के दिनों में ईरान में व्यापक विरोध प्रदर्शनों में इराकी कुर्दिस्तान के समूहों ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसने एरबिल के उद्देश्य से एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। हमलों में कोई भी अमेरिकी सैनिक घायल या मारा नहीं गया है। अमेरिकी उपकरणों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### ओकलैंड के स्कूल में गोलीबारी, 6 घायल, 3 गंभीर

**ओकलैंड।** कैलिफोर्निया के ओकलैंड शहर के एक स्कूल में गोलीबारी की घटना में कम से कम छह लोग घायल हो गए। अल्मेडा काउंटी शेरिफ के एक प्रवक्ता के अनुसार गोलिबारी समाप्त हो गई है। वहीं ओकलैंड फायर डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने बताया कि पैरामेडिक्स ने छह मरीजों को अस्पताल पहुंचाया। सभी लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बताया गया है ?कि सभी घायल वयस्क थे और शूटिंग अल्ट्रनेटिव के-12 स्कूल, सोजॉर्नर ट्रूथ इंडिपेंडेंट स्टडी में हुई है। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि पीड़ितों में से कोई 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के छात्र हो सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि घायलों में से तीन लोगों ओकलैंड के हाईलैंड अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य तीन को कास्त्रो घाटी के ईडन मेडिकल सेंटर ले जाया गया और उनकी स्थिति का पता नहीं चला। टेलीविजन फुटेज में पुलिस की दर्जनों कारें और स्कूल के बाहर सड़क पर पीली टेप और छात्रों को आसपास के परिसरों से निकलते हुए दिखाया गया है। सिटी काउंसिल के एक सदस्य ने कहा कि जांचकर्ताओं ने उन्हें बताया कि शूटिंग बढ़ती 'ग्रुप और गैंग वॉयलेंस' से जुड़ी हो सकती है।

### रूस में लोगों को रोकने की तैयारी

**मास्को।** एक सरकारी सूचना पोर्टल ने कहा कि मास्को सेना द्वारा जुटाए गए रूसियों को पासपोर्ट नहीं देगा, क्योंकि यात्रा प्रतिबंधों की आशंका बढ़ जाती है और हजारों लोग देश से भाग जाते हैं। सरकारी वेबसाइट ने कहा कि अगर किसी नागरिक को सेना की सेवा के लिए बुलाया जाता है या समन प्राप्त होता है, तो उसे पासपोर्ट देने से मना कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि जिन लोगों को पासपोर्ट जारी नहीं किया गया है, उन्हें सूचित किया जाएगा कि होल्ड कितने समय तक रहेगा। मालूम हो कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रूसी सेना का समर्थन करने के लिए लोगों को एकजुट होने की घोषणा की थी। इसके बाद इस मसौदे से बचने के लिए हजारों लोग पड़ोसी देशों में चले गए थे।

# पीएम मोदी ने सूरत शहर व ज़िले को 3472 करोड़ रुपए के 53 विकास कार्यों की भेंट दी

### सभी के एकजुट प्रयास से विकास की गति भी तेज़ बनती है और देश भी तेज़ी से विकसित होता है

### '4पी' यानी 'पीपल-पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप' मॉडल सूरत को विशेष बनाता है



**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया है कि जब सभी लोगों का प्रयास मिलता है, तब विकास की गति भी तेज़ बनती है औ देश भी तेज़ी से विकसित होता है। मोदी ने नवरात्रि के पावन पर्व पर गुरुवार को सूरत शहर-ज़िले में 3472.54 करोड़ रुपए के विभिन्न 59 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। उन्होंने सूरत महानगर पालिका के 2429.18 करोड़ रुपए, ड्रीम सिटी प्रोजेक्ट के 369.60 करोड़ रुपए तथा केन्द्र व राज्य सरकार के 673.76 करोड़ रुपए सहित कुल 3472.54 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने जलापूर्ति के 672 करोड़ रुपए के कार्यों, 890 करोड़ रुपए के ड्रैनेज प्रोजेक्ट्स, 139 करोड़ रुपए की लागत वाले बायोडाइवर्सिटी पार्क तथा अन्य विकास कार्यों पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, हेरिटेज रिस्टोरेशन, सिटी बस/बीआरटीएस इन्फ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनके परिणामस्वरूप डाइमंड सिटी ऑफ़ इंडिया के रूप में विख्यात सूरत शहर सहित ज़िले के विकास को अधिक वेग मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में सूरत शहर में हुए विकास से दुनिया के सबसे तेज़ी से विकसित हो रहे शहरों में सूरत का समावेश होता है। सूरत ने देश के अन्य शहरों के सापेक्ष में बहुत ही तेज़ी से प्रगति है। उन्होंने इसकी प्रशंसा की। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के सभी लोगों के सूरत में बसे होने तथा विविधता में एकता दर्शन होने के कारण यह शहर मिनी हिन्दुस्तान की प्रतीति कराता है। श्रम का सम्मान करना सूरत की विशेषता है। यहाँ दक्षता का सम्मान होने के साथ प्रगति की आकांक्षा पूरी होती है और जीवन में आगे बढ़ने के सपने साकार होते हैं। इतना ही नहीं, यह शहर विकास की राह में पीछे रह गए वर्गों को उनका हाथ पकड़ कर आगे ले जाता है। सूरत की यह भावना आज़ादी के अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण में बड़ी शक्ति बनने वाली है। उन्होंने कहा कि सूरत ने अतीत में महामारी, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है और उन आपदाओं को अवसर में पलट कर यह शहर पुन~ उठ खड़ा हुआ है। सूरत ने इस विकास के लिए दो दशक पूर्व एक मॉडल अपनाया था। यह मॉडल यानी पीपीपी यानी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप की चर्चा होती थी, परंतु सूरत ने इन तीन 'पी' में चौथा पीपल्स का 'पी' अपना कर विकास का नया मॉडल देश के समक्ष प्रस्तुत करके यह दिखा दिया है कि किसी भी शहर की प्रत्येक क्षेत्र में ब्रैंडिंग कैसे होती है ? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारे समक्ष सूरत की अनेक प्रकार की छवियाँ हैं। सूरत का भोजन प्रसिद्ध है। विकास की राह पर चलने वाले सूरत ने अब सेतु शहर के रूप में पहचान स्थापित की है। इसके साथ ही सूरत ने पहले डायमंड सिटी, ग्रीन सिटी, टेक्सटाइल सिटी के बाद अब क्लीन सिटी तथा स्मार्ट सिटी के रूप में पहचान बनाई है। केन्द्र तथा राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दे रही हैं। ऐसे में सूरत शहर में 25 चार्जिंग स्टेशन शुरू हुए हैं तथा अभी और 500 चार्जिंग स्टेशन शुरू किए जाएंगे। सूरत में आगामी समय में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के 80 प्रतिशत वाहन इलेक्ट्रिक होंगे, जिससे सूरत इलेक्ट्रिक व्हीकल सिटी के रूप में भी पहचाना जाएगा। सूरत शहर मानवता, राष्ट्रीयता तथा समृद्धि के संगम से सभी को साथ जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सूरत के कपड़ा व हीरा उद्योग से अनेक परिवारों को रोज़ागर मिल रहा है और अब ड्रीम सिटी प्रोजेक्ट पूर्ण होने पपर सूरत समग्र विश्व में डायमंड ट्रेड सेंटर के रूप में विकसित होगा। पीएम मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने सूरत में पावरलूम्स मेगा क्लस्टर बनाने को मंज़ूरी दी है, जिसके कारण प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं का निराकरण तथा व्यापारियों को लाभ होगा। इसके साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति घोषित की गई है, जिसके कारण सूरत के व्यापार-कारोबार को अधिक लाभ होगा। मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी वाली घोघा-हज़ीरा रोरो पैक्स फ़ेरी से ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा बढ़ी है। इससे सौराष्ट्र के भावनगर, अमरेली जैसे क्षेत्रों के कृषि अग्रमि क्षेत्र की सूरत के साथ दूरी कम हुई है। इसमें भीहज़ीरा ट्रमिलन तैयार होने पर और रूट खुलेंगे एवं कृषि क्षेत्र को लाभ होगा।

## देश की सारी राष्ट्रीय पार्टियां क्षेत्रीय दल बनकर रह गई : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज दुख के साथ कहना पड़ता है कि देश में सारी राष्ट्रीय पार्टियां क्षेत्रिय पार्टियों के रूप में सिमट गई, कोई वैचारिक पार्टी नहीं रह गई। अगर कोई राष्ट्रीय और वैचारिक पार्टी है तो भाजपा है। हम क्षेत्रीय आकांक्षाओं वाली एक राष्ट्रीय पार्टी हैं। हम एक कैडर-आधारित हैं, जिनका अनुसरण करने वालों की संख्या बहुत अधिक है। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे पास अधिकतम राज्यों में शासन है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिकांश राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय दलों में सिमट कर रह गए हैं। बीजेपी एक विचारधारा वाली दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। खुश होने के लिए जगन्नाथ की तरह, लोगों को मजबूत बनाने के लिए ऐसा करने के लिए तैयार किया जाएगा। प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत 8700 सेंटर्स खोले गए हैं।



## नए नियम में अब साल में केवल मिलेंगे 15 गैस सिलेंडर, महीने का कोटा भी फिक्स

**नई दिल्ली।** घरेलू ईंधन यानि रसोई एलपीजी गैस सिलेंडर ग्राहकों को अब साल भर में केवल 15 सिलेंडर ही मिल पाएंगे इसकी संख्या तय हो गई है। नए नियम के मुताबिक, ग्राहक को एक साल में 15 सिलेंडर से ज्यादा नहीं दिए जाएंगे। इसके अलावा ग्राहक सिर्फ महीने में दो सिलेंडर ही ले सकेंगे। ग्राहकों को 2 से ज्यादा सिलेंडर नहीं मिलेंगे। अभी तक सिलेंडर पाने के लिए महीने या साल का कोई कोटा तय नहीं था। एक अखबार की खबर के मुताबिक, नए नियम के हिसाब से अब साल में सब्सिडी वाले 12 सिलेंडरों की संख्या 12 होगी। इसके ज्यादा अगर आप सिलेंडर खरीदते हैं तो उस पर सब्सिडी नहीं मिलेगी। बाकी के सिलेंडर ग्राहकों को बिना सब्सिडी के ही खरीदने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, राशनिंग के लिए सॉफ्टवेयर में बदलाव किया गया है। ये नियम लागू किये जा चुके हैं। खास बात यह है यह नए नियम इसलिए लागू किए गए हैं, क्योंकि काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि घरेलू गैर सब्सिडी की रीफिल कॉमर्शियल से सस्ती होने की वजह से वहां इसका इस्तेमाल ज्यादा होने लगा था। जिसके कारण सिलेंडर पर राशनिंग की गई है।



## अलीगढ़- मीट फैक्ट्री में जहरीली गैस रिसने से 100 से अधिक कर्मचारी हुए बीमार



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक मीट फैक्ट्री में जहरीली गैस के रिसाने के बाद हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों में 100 से अधिक लोगों के बीमार होने की खबर है। घटना के बाद फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। जहरीली गैस के रिसाव के कारणों क जांच की जा रही है। मीट फैक्ट्री हादसे में महिला कर्मचारियों के भी बीमार होने की बात कही जा रही है। पूरी घटना अल दुआ मीट फैक्ट्री की बताई जा रही है।

अल दुआ मीट फैक्ट्री में गुरुवार को बड़ी घटना सामने आई। अचानक फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारी गिरने लगे। अधिकारियों ने इस संबंध में जांच शुरू की तो जहरीली गैस के रिसाव का मामला सामने आया। तत्काल एंबुलेंस को कॉल किया गया। हालांकि, इस हादसे में 100 से अधिक लोगों के बीमार होने की बात कही जा रही है। बीमारों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से बीमार कर्मचारियों को जेएम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। मीट फैक्ट्री संचालक पर इस मामले में गंभीर आरोप लगा है। दावा किया जा रहा है कि मीट फैक्ट्री संचालक ने जहरीली गैस रिसाव मामले को पहले दबाने की कोशिश की। कर्मचारियों से इस मामले में चुप रहने को कहा। लेकिन, जैसे ही इस घटना के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर चलने शुरू हुए तो घटना की जानकारी प्रशासन को मिली। आनन-फानन में प्रशासन की टीम मीट फैक्ट्री तक पहुंची। पूरी घटना का जायजा लिया गया। पुलिस की टीम ने मीट फैक्ट्री से बीमार कर्मचारियों को अस्पताल भेजना शुरू किया।

## अशोक गहलोत नहीं लड़ेंगे कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव, बोले- 'जो कुछ हुआ उससे बहुत आहत हूं'

### राजस्थान के सीएम पद का फैसला सोनिया गांधी करेंगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर जारी असमंजस के बीच अब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चुनाव नहीं लडेंगे। समाचार के मुताबिक, अशोक गहलोत ने कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ेंगे। इतना ही नहीं, सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर उनसे मुलाकात के बाद गहलोत ने यह भी कहा कि अब मुख्यमंत्री पद का फैसला सोनिया गांधी करेंगी। दरअसल, अशोक गहलोत की दिल्ली में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से करीब डेढ़ घंटे तक मुलाकात हुई। इसके बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को कहा, 'मैंने कांग्रेस के लिए वफादार



सिपाही के रूप में काम किया। सोनिया जी के आशीर्वाद से मैं तीसरी बार राजस्थान का मुख्यमंत्री बना। दो दिन पहले जो घटना हुई उसने मुझे हिला कर रख दिया। मुझे उसका बड़ा दुख हुआ है।' अशोक गहलोत ने कहा कि मैंने सोनिया जी से माफी मांगी है। उन्होंने आगे कहा कि विधायक दल की बैठक में एक लाइन का प्रस्ताव पारित करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी थी। मैं उसे करा नहीं पाया। इस माहौल में मैंने फैसला किया कि अब मैं अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ूंगा। उनके मुख्यमंत्री पद पर बने रहने से जुड़े सवाल पर गहलोत ने कहा कि इस बारे में फैसला सोनिया गांधी करेंगी।

सूत्रों की मानें तो अशोक गहलोत राजस्थान छोड़कर दिल्ली आने के इच्छुक नहीं थे। उन्होंने सोनिया गांधी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की भी पेशकश की। ऐसा माना जा रहा है कि गहलोत मुख्यमंत्री पद पर बने रह सकते हैं, क्योंकि राजस्थान में विधायकों का बहुमत उनके पक्ष में हैं। अशोक गहलोत जब सोनिया गांधी से मिलने जा रहे थे तो उनके हाथ में कुछ कागज थे। उसमें हाथ से लिखा हुआ एक माफीनामा भी था। यह कैमरे में कैद हो गया। इसमें कुछ पॉइंट्स लिखे हुए थे, जिसमें सबसे ऊपर था 'जो कुछ हुआ उसका दुख है, इससे मैं बहुत आहत हूं।

## भारतीय सेना ने चीन-पाक सीमा पर मुस्तैद की एम777 हॉवित्जर तोपें

**नई दिल्ली।** भारतीय सेनाएं देश की सीमाओं की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है इसी कड़ी में सेना ने उत्तरी सीमाओं पर एम777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोप की तैनाती कर दी है। इससे पहले इसकी तैनाती अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमाओं के पास की गई थी। इन तोपों की तैनाती से अब पड़ोसी दुश्मन देशों से भारतीय क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ जाएगी। यह जानकारी भारतीय सेना ने अपने ट्विटर हैंडल पर दी है। उत्तरी सीमाओं के आसपास हिमालय के ऊंचे पहाड़ हैं। वहां पर सेना बड़े टैंक्स या आर्टिलरी नहीं पहुंचा सकती। इसलिए एम-777 हॉवित्जर को चिनूक हेलिकॉप्टर से पहुंचाया गया है। इन



तोपों को किसी वाहन से खींचकर भी पहुंचाया जा सकता है। लेकिन एक सीमा तक ही। उसके बाद इसे हेलिकॉप्टर से उठाकर किसी भी जगह पहुंचा सकते हैं। क्योंकि इनका वजन कम होता है। इस तोप को अमेरिका की बीएई सिस्टम बनाती है। लेकिन इसकी असेंबलिंग भारत में ही एक निजी रक्षा कंपनी करती है। 155 एमएम अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर का उपयोग इससे पहले अफगानिस्तान, इराक और सीरिया जैसे युद्धों में अमेरिका अच्छे से कर चुका है। भारतीय सेना के पास ऐसी 110 तोपें हैं। 145 और तोपों को खरीदने का डील हुआ पड़ा है। इसे आठ लोग मिलकर चलाते हैं। एक मिनट में 7 गोले दागता है। गोले की रेंज अलग-अलग कोण पर 24 से 40 किमी है। गोला एक किलोमीटर प्रति सेकेंड की गति से दुश्मन की ओर बढ़ता है। इससे पहले एम-777 हॉवित्जर की तैनाती लद्दाख के कुछ स्ट्रैटेजिक हिस्सों में किया गया था। यह बात तब की है जब चीन से सीमा को लेकर संघर्ष चल रहा था। क्योंकि इन तोपों को कहीं भी आसानी से तैनात कर सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- विवाहिता की जबरन प्रेगनेंसी बलात्कार के समतुल्य

### अविवाहित महिलाओं को भी 24 हफ्ते तक गर्भपात का अधिकार

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले में विवाहित महिला को जबरन प्रेगनेंट करना मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी ऐक्ट के अंतर्गत बलात्कार के समतुल्य माना है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक केस की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी ऐक्ट के तहत गर्भपात के नियमों को तय किया गया है। इस पर ही सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि विवाहित महिला की तरह ही अविवाहित युवतियां भी बिना किसी की मंजूरी के 24 सप्ताह तक गर्भपात करा सकती हैं। अदालत ने इस दौरान साफ तौर पर कहा कि विवाहित हो या फिर अविवाहित महिला सभी को सुरक्षित अबॉर्शन का अधिकार है। महिलाओं के गर्भापत और शरीर पर अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने यह बड़ा फैसला दिया है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, %विवाहित महिलाएं भी रेप पीड़िता हो सकती हैं। रेप का अर्थ होता है कि बिना सहमति के संबंध बनाना और पार्टनर



के द्वारा हिंसा किया जाना एक सच्चाई है। ऐसे मामलों में महिला जबरन प्रेगनेंट भी हो सकती है।% अदालत ने कहा कि इस तरह विवाहित महिला यदि जबरन सेक्स के चलते प्रेगनेंट होती है तो वह भी रेप माना जा सकता है। अदालत ने कहा, %कोई भी प्रेगनेंसी जिसमें महिला कहे कि यह जबरन हुई है तो उसे रेप माना जा सकता है। जस्टिस एस बोपन्ना और जस्टिस जेपी पारदीवाला की सदस्यता वाली बेंच ने एमटीपी ऐक्ट का जिक्र करते हुए कहा कि कोई अविवाहिता भी 24 सप्ताह की अवधि तक बिना किसी के परमिशन के गर्भपात करा सकती है। मौजूदा नियमों के मुताबिक तलाकशुदा, विधवा महिलाएं 20 सप्ताह के बाद गर्भपात नहीं करा सकती हैं। वहीं अन्य महिलाओं के लिए 24 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति का प्रावधान है। इस पर अदालत ने कहा कि कानून संकीर्ण आधारों पर वर्गीकरण नहीं कर सकता है। प्रेगनेंसी बनी रहे या फिर गर्भपात कराया जाए, यह महिला के अपने शरीर पर अधिकार से जुड़ा मामला है। अदालत ने साफ कहा कि महिला से यह अधिकार छीनना उसकी गरिमा को कुचलने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने 25 साल की एक सिंगल युवती की अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### राष्ट्रीय खेलों में नई तकनीक और रणनीति का प्रयोग करेगी भवानी

**नई दिल्ली** । ओलंपिक में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय तलवारबाज भवानी देवी अब गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती हैं। इसके लिए भवानी नई तकनीक और रणनीति अपना रही है। ताकि उसका बेहतर उपयोग बड़े मुकाबलों में कर सके। इस महिला तलवारबाज ने पिछले महीने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। भवानी ने कहा कि मैंने कई बदलाव किये हैं। जिसमें कोच , तकनीक और रणनीति जैसी चीजें शामिल हैं। हमें अभी और अधिक बड़े टूर्नामेंट खेलने हैं जिसमें अप्रैल में होने वाला ओलंपिक क्वालीफायर भी शामिल है। ऐसे में मुझे राष्ट्रीय खेलों के दौरान अपनी नयी तकनीक और रणनीति को इस्तेमाल करना होगा जिससे पता चले कि वह कितनी प्रभावी है और उससे मुझे कितना लाभ होगा।
साथ ही कहा कि मुझे अपनी नई तकनीक पर भी काम करना होगा जिससे मुझे बड़े टूर्नामेंट में सहायता मिल सकती है। भवानी ने इटली के कोच निकोला जानोटी को हटाकर उनकी जगह अब फ्रांस के दिग्गज तलवारबाज क्रिस्टियन बॉयूर को कोच बनाया है। भवानी ने कहा कि भारतीय तलवारबाजों को अनुभव हासिल करने के लिए अधिक से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगितायें खेलने की जरूरत है।

### अर्जेन्टीना फुटबॉल टीम के कोच बने रहेंगे स्कालोनी : तापिया

**हैरिसन** । अर्जेन्टीना फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष चिक्की तापिया ने कहा है कि लियोनल स्कालोनी साल 2026 विश्व कप तक अर्जेन्टीना फुटबॉल टीम के कोच रहेंगे। तापिया ने विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम के अंतिम अभ्यास मैच में जीत के बाद यह घोषणा की है। तापिया ने कहा कि हम राष्ट्रीय टीम से जुड़ी सभी योजनाओं को अमल में लाने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि विश्व कप 2018 के प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ अर्जेन्टीना की हार के बाद स्कालोनी ने जॉर्ज सैमपाओली की जगह कोच का पद संभाला था। उनके कोच रहते हुए अर्जेन्टीना ने पिछले साल कोपा अमरीका का खिताब जीता। यह साल 1993 में कोपा अमरीका के बाद उसका पहला बड़ा खिताब है।

### प्रो लीग में स्पेन से खेलने का लाभ विश्व कप में मिलेगा : मनप्रीत

**नई दिल्ली** । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा है कि अगले महीने होने वाले एफआईएच प्रो लीग में स्पेन से खेलने का लाभ टीम को विश्व कप में मिलेगा। भारतीय टीम को विश्वकप में अपना पहला मैच स्पेन से ही खेलना है। मनप्रीत के अनुसार प्रो लीग मैच से उनकी टीम स्पेन की रणनीति बेहतर तरीके से समझ पायेगी। मनप्रीत ने कहा, 'यह अच्छा है कि हमें प्रो लीग मुकाबले में अभी स्पेन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। इससे हमें उनके खेलने का तरीका समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही हमे पता चलेगा कि विश्व कप से पहले टीम को किस प्रकार के सुधार करने हैं। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर हॉकी के लिए यह रोमांचक समय है और मुझे उम्मीद है कि दुनिया भर से प्रशंसक हमारा हौंसला बढ़ाने के लिए राउरकेला और भुवनेश्वर आएंगे। भारतीय टीम विश्व कप के पूल डी में इंग्लैंड , स्पेन और वेल्स के साथ है।

# महिला एशिया कप के लिए सभी सात टीमों की हुई घोषणा

**मुम्बई** । बांग्लादेश में अगले माह की शुरआत में होने वाले महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवे संस्करण के लिए सभी सात देशों ने अपनी-अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और यूएई सहित सात देश भाग ले रहे हैं। इसमें हर टीम ग्रुप दौर में 6 मुकाबले खेलेगी जिसमें से शीर्ष 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसके सेमीफाइनल मुकाबले 13 अक्टूबर से खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 अक्टूबर को होगा। साल 2004 में शुरू हुए इस महिला एशिया कप टूर्नामेंट में सबसे अधिक छह बार भारतीय टीम ने जीत हासिल की है। वहीं सातवें संस्करण में बांग्लादेश ने भारतीय टीम को हराकर खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट की नई टीमों यूएई और मलेशिया ने जून में इसी साल खेले गये एसीसी महिला टी20 चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के साथ ही इस टूर्नामेंट के लिए क्वॉलिफाई किया था।

सभी टीमें इस प्रकार हैं

**बांग्लादेश (मेजबान):** निगार सुल्ताना (कप्तान), शमीमा सुल्ताना, फरगना हक पिंकी, रुमाना अहमद, रितु मोनी, लता मंडल, सलमा खातून, शोभना मोस्टरी, नाहिदा अख्तर, मुर्शिदा खातून, जहांआरा आलम, फहीमा खातून, संजीदा अख्तर, फरिहा तृस्ना, शोहाली अख्तर।
**रिजर्व खिलाड़ी:** मारुफा अख्तर, शर्मिन अख्तर सुप्ता, नुजहत तस्निया और राबिया खान।

**भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, एस मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, डायलन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, केपी नवगिरे।
**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** तानिया सपना भाटिया, सिमरन दिल बहादुर।

**पाकिस्तान:** बिस्माह मारूफ (कप्तान), एमेन अनवर, आलिया रियाज, आयशा नसीम, डायना बेग, कायनात इम्तियाज, मुनीबा अली, निदा डार, ओमैमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, तुबा हसन।
**रिजर्व खिलाड़ी:** नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, उम्मे हानी, वहीदा अख्तर।

**श्रीलंका:** चमारी अट्टापट्टू (कप्तान), हसीनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा, कवीशा दिलहारी, निलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, कौशिनी नुथ्यंगा, औषधि रणसिंघे, मालशा शेहानी, मदुशिका मेथथानंद, इनोका रणवीरा, रश्मि सिल्वा, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलस।

**थाईलैंड:** सोर्नारिन टिप्पोच, नट्टया बूचथम, नरुमोल चाईवाई (कप्तान), नन्नापत कोंचरोएन्काई (विकेटकीपर), नट्टकन चैंटम, रोसेनन कानोह, ओनिचा कामचोमफू, फन्निता माया, थिपाचा पुथावोंग, नंथिता बूनसुखम, सुवानन खियाओतो, सुलीपोर्न लाओमी, चानिदा सुत्थीरुआंग, अफिसरा सुवानचोनराथी, सुनिदा चटूरोंगी तन्ना।

**मलेशिया:** विनिफ्रेड दुरईसिंगम (कप्तान), मास एलिसा, साशा आजमी, ऐसा एलीसा, आइना हमीजा हाशिम, एल्सा हंटर, जमहीदया इंतान, माहिरा इज़्ज़ती इस्माइल, वान जूलिया, धनुसरी मुहुनन, आइना नजवा, नुरिल्या नतास्य, नूर अरियाना नात्स्या, नूर दानिया स्यूहादा, नूर हयाती जकारिया।

**यूएई:** छाया मुगल (कप्तान), ईशा रोहित ओजा, कविशा इगोदगे, तीर्था सतीश (विकेटकीपर), खुशी शर्मा, समायरा धरणीधरका, सिया गोखले, वैष्णवी महेश, नताशा चेरियथ, इंदुजा नंदकुमार, ऋतिका राजिथ, लावण्या केनी, सुरक्षा कोटे, प्रियांजलि जैन, रिनिथा राजिथा।


नीदरलैंड में महिला वॉलीबाल विश्व चैम्पियनशिप मैच में जीत के बाद तस्वीर खिंचाती हुई पूरी चीनी टीम।

## फीफा ने छेत्री को लेकर खास सीरीज बनाई , कोहली ने दी बधाई

**नई दिल्ली** । विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री के अब के सफर में हासिल उपलब्धियों को लेकर एक एक खास सीरीज बनाई है। 'कैप्टन फैंटास्टिक' नाम की यह सीरीज फीफा प्लस पर उपलब्ध है और इसके तीन संस्करण हैं। इसी को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने छेत्री को बधाई दी है।छेत्री विश्व में सबसे ज्यादा गोल दागने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं और इसी के कारण उन्हें स्टार खिलाड़ियों क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी के साथ खड़े होने का अवसर भी मिला है। वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में तीसरे सबसे ज्यादा गोल दागने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। पुर्तगाल के कप्तान रोनाल्डो 117 गोल के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं। इसके बाद अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी 90 गोल का नंबर आता है। छेत्री इस सूची में मेसी के बाद आते हैं और उनसे 6 गोल पीछे बने हुए हैं। छेत्री ने भारतीय टीम के लिए 131 मैच खेलते हुए 84 गोल किए हैं। गौरतलब है कि फीफा प्लस अंतरराष्ट्रीय वैश्विक निकाय द्वारा लाया गया एक प्रोजेक्ट है और यह सीरीज उस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा है। छेत्री पर बनी सीरीज के कुछ दृश्यों को बैंगलोर में फिल्माया गया था, जहां भारतीय कप्तान अभी रहते हैं. इसके अलावा सीरीज की शूटिंग दिल्ली में भी हुई है, जहां उनके माता-पिता रहते हैं और छेत्री का बचपन भी बीता है।

## भाला थामे नीरज ने प्रशंसकों के साथ गरबा खेला



**बड़ौदा** । ओलंपिक स्वर्ण विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों के उदघाटन समारोह से पहले पहुंचने पर भव्य स्वावगत हुआ। नीरज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और भाला लिए हुए ही उनके साथ जमकर गरबा खेला। नीरज के गरबा खेलने वाले डांस का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। नवरात्र का अवसर होने के कारण बड़ौदा में गरबे की धूम थी। ऐसे में जब प्रशंसकों ने इस स्टार खिलाड़ी को अपने साथ गरबा खेलते हुए देखा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। . नीरज ने भी फैंस को निराश नहीं किया। इस अवसर पर पारंपरिक पोशाक पहने पहुंचे नीरज ने प्रशंसकों के साथ उन्हीं के अंदाज में खेला। वहीं प्रशंसक भी बीच-बीच में नारे लगाते दिखे, गरम गरम सीरो, नीरज भाई हीरो। नीरज ने जिस अंदाज में गरबा किया, उसे देखकर कोई नहीं कह सकता था कि यह उनके लिए नया है। नीरज ने गरबा करने के बाद माइक भी थामा और हजारों की संख्या में मौजूद अपने चाहने वालों से बात की। इससे पहले, उन्होंने डायमंड लीग फाइनल्स जीतने के बाद घोषणा की थी कि मैं इस साल राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं ले रहा हूं। इन खेलों से पहले मैंने अपनें कोच से बात की थी और उन्होंने अगले सत्र के लिए तरोताजा रहने के लिए मुझे आराम करने को कहा था।

## ऐसे मैचों से काफी कुछ सीखने को मिलता है : रोहित



**तिरूवनंतपुरम** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टी20 मैच में आठ विकेट से मिली जीत पर खुशी जताते हुए कहा है कि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। इस मैच में जीत के लिये मिले 107 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने 16.4 ओवरों में ही दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। साथ ही कहा कि इस प्रकार के मैचों से काफी कुछ सीखने को मिलता है। इस दौरान हमें पता था कि गेंदबाजों को सहायता मिलेगी इस मैच में पिच में नमी होने के कारण बड़े शॉट खेलना कठिन था। दोनो ही टीमों के बीच बराबरी की टक्कर थी पर गेंदबाजों के विकेट लेने से हमारी टीम हावी हो गयी। साथ ही कहा कि हालात जैसे भी हों अपनी योजना पर अमल करने का लाभ मिलता ही है। हमारे गेंदबाजों ने तय रणनीति के अनुसार काम किया क्योंकि हम जानते थे कि 107 का लक्ष्य आसान नहीं होगा। ऐसे में हालातों के अनुसार शॉट खेलना होता है। रोहित ने मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल राहुल की भी जमकर प्रशंसा की।

## व्यापार न्यूज

### औद्योगिक कर्ज की हिस्सेदारी पिछले एक दशक में धीरे-धीरे घटी

**मुंबई** । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि कुल कर्ज में औद्योगिक की कर्ज की हिस्सेदारी पिछले एक दशक में धीरे-धीरे कम हुई है जबकि व्यक्तिगत कर्ज का हिस्सा बढ़ा है। आरबीआई की तरफ से भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कर्ज पर मूल सांख्यिकीय रिटर्न मार्च 2022 शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2022 में औद्योगिक और व्यक्तिगत ऋणों की हिस्सेदारी करीब 27-27 प्रतिशत थी। औद्योगिक क्षेत्र के ऋण में 2021-22 में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसमें गिरावट दर्ज की गई थी। आरबीआई ने कहा कि हाल के वर्षों में खुदरा क्षेत्र से ऋण की मांग बढ़ी है। छोटे आकार के कर्ज का हिस्सा भी लगातार बढ़ रहा है। एक करोड़ रुपए तक के कर्ज की हिस्सेदारी मार्च 2022 में बढ़कर करीब 48 फीसद हो गई, जो पांच साल पहले करीब 39 फीसद थी। वहीं 10 करोड़ रुपए से ज्यादा के कर्ज का हिस्सा घटकर 40 प्रतिशत पर आ गया जो पांच साल पहले 49 प्रतिशत था। इसमें कहा गया है कि कुल बैंक ऋण में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी घट रही है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कुल कर्ज में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी मार्च 2022 में 54.8 प्रतिशत रही। यह पांच साल पहले 65.8 प्रतिशत और 10 साल पहले 74.2 प्रतिशत थी। दूसरी तरफ निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी पिछले दस साल में करीब दोगुनी होकर 36.9 प्रतिशत हो गई।

### आकाश अंबानी 'टाइम 100 नेक्स्ट' की सूची में शामिल

**नई दिल्ली** । दुनिया की नामचीन टाइम मैगजीन ने देश के जाने माने उद्योगपति मुकेश अंबानी के बड़े बेटे और रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी को जगह दी है। उन्हें लीडर्स कैटेगरी में चुना गया है। आकाश के बारे में टाइम मैगजीन का कहना है कि वे कारोबार बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने गूगल और फेसबुक के साथ अरबों डॉलर की निवेश डील पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आकाश अंबानी टाइम100 नेक्स्ट लिस्ट में शा?मिल होने वाले अकेले भारतीय हैं। उल्लेखनीय है कि रिलायंस जियो का 5जी रोलआउट आकाश अंबानी की निगरानी में हो रहा है। कंपनी की योजना दीवाली तक दिल्ली, मुंबई सहित कुछ अन्य मैट्रों में 5जी सर्विस लॉन्च करने की है। भारतीय टेलीकॉम जगत में अकेली जियो ही ऐसी कंपनी है, जिसने 700 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड खरीदा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह अकेला स्पेक्ट्रम बैंड है जिस पर स्टैंड-अलोन 5जी नेटवर्क चल सकता है। इस सूची में देश दुनिया के अलावा उद्योग जगत के 100 उभरते सितारों को जगह दी जाती है। 2022 की टाइम मैगजीन की सूची में संगीतकारों के साथ-साथ पेशेवर चिकित्सक, सरकारी अधिकारियों, आंदोलनकारियों, हाई-प्रोफाइल व्हिसल-ब्लोअर्स और टॉप सीईओ को भी शामिल किया गया है।

### एशियाई बाजारों में मजबूत शुरुआत

**मुंबई** । एशिया के ज्यादातर शेयर बाजारों ने बढ़त के साथ शुरुआत की है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर सुबह 0.98 फीसदी की बढ़त दिख रही थी, जबकि जापान का निक्केई 0.88 फीसदी के बढ़त पर कारोबार कर रहा था। ताइवान का शेयर बाजार भी 1.01 फीसदी बढ़त के साथ कारोबार कर रहा, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी पर 1.73 फीसदी की बढ़त दिखा रहा है। बाजार पर दबाव कम होता दिख रहा है।

### सोयाबीन में भारी गिरावट के संकेत

**इंदौर** । सोयाबीन की कीमतों में लगातार गिरावट बनी हुई है। सोयाबीन इस साल 6800 रुपये में मंडी में बिकना शुरू हुई थी। जो अब घटकर 5055 रुपये पर आ गई है। बाजार के जानकारों का कहना है कि अभी मंडी में सोयाबीन की आवक बहुत कम है। उसके बाद भी गिरावट तेजी के साथ हो रही है। जब आवक बढ़ेगी, तो सोयाबीन 4500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिक सकती है।

## मजबूती के साथ शुरूआत : सेंसेक्स 477 अंक चढ़ा, निफ्टी 17000 के पार

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स सुबह 477.73 अंक की उछाल के साथ 57,076.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एसई निफ्टी 144.35 अंक की तेजी के साथ 17,002.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी पर हिंडाल्को के शेयरों में सबसे ज्यादा 3.16 फीसदी का उछाल देखने को ?मिला। इसके अलावा टाटा मोटर्स में 2.84 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.86 फीसदी और इंडसइंड बैंक के शेयरों में 1.70 फीसदी का उछाल देखने को मिला। दूसरी ओर एशियन पेंट्स और सिप्ला के शेयरों में लाल निशान के साथ कारोबार हो रहा था। टाटा स्टील के शेयरों में सबसे ज्यादा 2.57 फीसदी का उछाल देखने को मिल रहा था। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनजर्व, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बढ़त के साथ कारोबार हो रहा था। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एलएंडटी, एचडीएफसी, टाइटन, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, आईटीसी, इन्फोसिस, हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, एचडीएफसी, विप्रो, नेस्ले इंडिया, डॉक्टर रेड्डीज, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में हरे निशान के साथ कारोबार हो रहा था।

**अमेरिकी बाजार में रही तेजी :** मुंबई (ईएमएस)। अमेरिका के सभी प्रमुख शेयर बाजारों पिछले कुछ दिनों से गिरावट के बाद हरे निशान में दिखे। एसएंडपी 500 1.97 प्रतिशत बढ़कर 3,719.04 अंक पर आ गया, जो इस हफ्ते का सबसे ऊंचा स्तर है। इधर नेस्डेक पर भी 2.05 फीसदी का उछाल दिखा है। दूसरी तरफ, यूरोप के प्रमुख शेयर बाजार में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले कारोबारी सत्र में 0.36 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ बंद हुआ, जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 0.19 फीसदी बढ़त और लंदन का स?टॉक एक्सचेंज 0.30 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुआ।

## 1 अक्टूबर से महंगी हो सकती है सीएनजी

**नई दिल्ली** । ईंधन कंपनियां हर महीने के शुरू में अपने उत्पादों के दाम में बदलाव करती हैं। अनुमान लगाया जा रहा है ?कि 1 अक्टूबर सीएनजी की कीमतों में तेजी आ सकती है। दरअसल 1 अक्टूबर को होने वाली कीमतों की समीक्षा में नैचुरल गैस के दाम बढ़ाए जा सकते हैं। इस गैस को सीएनजी में बदला जाता है। ईंधन की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में आई तेजी के कारण गैस का उत्पादन महंगा हो गया है। ओएनजीसी द्वारा ऑयल फील्ड्स से गैस उत्पादन की कीमत 6.1 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट से बढ़कर 9.1 डॉलर पहुंचने का अनुमान है। इसी तरह अन्य घरेलू गैस उत्पादक कंपनियों का खर्च बढ़ने का भी अनुमान है। गौरतलब है ?कि गैस की कीमत हर 6 महीने में एक बार सरकार तय करती है। सरकार यह हर साल 1 अप्रैल और 1 अक्टूबर को करती है। गैस की कीमतें इसकी अधिकता वाले देश में चल रही कीमतों पर आधारित होती है। हालांकि, उन देशों की एक तिमाही पुरानी गैस कीमत देखी जाती है। यानी ?कि 1 अक्टूबर को सीएनजी के दाम में होने वाला बदलाव जुलाई 2021 से जून 2022 की औसत कीमतों के आधार पर तय होगा इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतें आसमान छू रही थीं।

खबरों के अनुसार, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमतों के फॉर्मूले की समीक्षा के लिए एक समिति का भी गठन किया है। 1 सितंबर को कमर्शियल एलपीजी की कीमत में 100 रुपए तक की कमी की गई थी। दिल्ली में इंडेन का सिलिंडर 91 रुपए, कोलकाता में 100 रुपए और मुबंई में 92.50 रुपए सस्ता हुआ था। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया था। त्योहारी सीजन को देखते हुए इस बार भी उम्मीद जताई जा रही है इस बार भी घरेलू गैस की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी।

## इंडस टावर्स ने वोडाफोन आइडिया से बकाया चुकाने को कहा!

**नई दिल्ली** । मोबाइल टावर सेवाप्रदाता इंडस टावर्स ने कर्ज संकट का सामना कर रही वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) को नवंबर के बाद कारोबार जारी रखने के लिए बकाया राशि चुकाने और हर महीने समय पर भुगतान करने के लिए कहा है। सूत्रों ने बताया कि वोडाफोन आइडिया के बढ़ते बकाया पर स्वतंत्र निदेशकों द्वारा चिंता व्यक्त करने के बाद कंपनी ने दूरसंचार संचालक से यह कहा है। इंडस टावर्स ने वीआईएल को जल्द से जल्द पिछले बकाया चुकाने को कहा है। कंपनी ने वीआईएल को चालू महीने के बकाया के 80 प्रतिशत का भुगतान करने और अगले महीने से पूरा भुगतान समय पर करने को कहा है। उन्होंने कहा कि भुगतान न करने पर नवंबर के बाद इंडस टावर्स वोडाफोन आइडिया को सेवाएं देना बंद कर देंगे। एक अन्य सूत्र ने कहा कि अमेरिकन टावर कॉरपोरेशन (एटीसी) भी अपने बकाये को सुरक्षित करने के लिए इसी तरह के कदमों पर विचार कर रही है। कंपनी के भारत में 75,000 मोबाइल टावर हैं।

## बैठक में निर्णय: सरकारी बैंकों में जल्द होगी लाखों पदों पर भर्ती




**मुंबई** । पिछले सप्ताह वित्त मंत्रालय और बैंक के अधिकारियों की एक बैठक हुई है। जिसमें सरकारी बैंकों में हर महीने रिक्त पदों में भर्ती करने की अनुशंसा की गई है। इस संबंध में योजना तैयार की जा रही है। कि किस तरह भर्ती हो। सूत्रों के अनुसार अगले 1 साल में सरकारी बैंकों में कम से कम 1 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी।

भारत के सरकारी बैंकों में कर्मचारियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। बड़ी संख्या में पिछले 10 वर्षों में बैंक कर्मचारी रिटायर हुए हैं। उनके स्थान पर नई भर्ती नहीं होने से बैंक में रिक्त पदों की संख्या लगातार बढ़ती चली गई। वर्ष 2012-13 में सरकारी बैंकों में 8,86,490 लोग काम कर रहे थे। 2020-21 में इनकी संख्या घटकर मात्र 7,70,800 रह गई है। सबसे ज्यादा कमी क्लर्क स्तर में आई है। 2012-13 में सरकारी बैंकों में 3,98,801 क्लर्क थे। जो अब घटकर 2,74,249 और सहायक अधिकारी 1,53,628 थे। जो अब घटकर क्लर्क वर्ग में 2,74,249 तथा सहायक अधिकारी वर्ग में 1,10,323 रह गए हैं।

सरकारी बैंकों में कर्मचारियों की संख्या सेवानिवृत्ति के कारण बड़ी तेजी के साथ घटी है। सेवानिवृत्त होने के बाद नियुक्तियां नहीं होने से यह अंतर काफी बढ़ गया है। जिसके कारण अब प्रतिमाह भर्ती करने का निर्णय लिया गया है।

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में दबाव की वजह से गुरुवार को भारतीय वायदा बाजार में सोने और चांदी के भाव लाल निशान में ही कारोबार कर रहे हैं। हालांकि, 3 दिन की गिरावट के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के हाजिर भाव में उछाल देखा गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव शुरुआती कारोबार में 0.20 फीसदी गिर गया है। चांदी की कीमत भी कल के बंद भाव से 0.64 फीसदी टूट गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव सुबह 99 रुपए टूटकर 49,651 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। गुरुवार को एमसीएक्स पर सोने में कारोबार 49,650 रुपए के स्तर से शुरू हुआ। त्योहारी सीजन के बावजूद भी सोने की कीमतों में तेजी नहीं आ रही है। बुधवार शाम को सर्राफा बाजार में भी सोना और चांदी गिरावट के साथ बंद हुए थे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर गुरुवार को भी चांदी के टूटने का सिलसिला जारी रहा। चांदी का भाव 362 रुपए टूटकर प्रति किलो 56,166 रुपए हो गया है। चांदी में कारोबार 56,037 रुपए से शुरू हुआ था। कुछ देर बाद भाव बढ़कर 56,254 रुपए हो गया, लेकिन यह तेजी बरकरार नहीं रही और मांग में कमजोरी से भाव गिरकर 56,037 पर कारोबार करने लगा।

## घर के पास भूलकर भी न रखें ये पौधे नहीं तो बढ़ जाएंगी आपकी मुसीबतें



घर में पेड़-पौधे सुदंरता में चार-चांद लगा देते हैं। साथ ही घर में हरा-भरा माहौल पॉजिट्वीटी भी लाता है। कई लोग अपने आशियाने को सुंदर-सुंदर पौधों से सजाते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पौधे घर में पॉजिटिव माहौल लाते हैं। परंतु वहीं दूसरी ओर कुछ पौधे आपके घर में नेगेटिव एनर्जी भा ला सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, आपको अपने घर में यह पौधे भूलकर भी नहीं लगाने चाहिए। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

### बेर का पौधा



घर में बेर का पौधा भी नहीं लगाना चाहिए। इसके अलावा यदि यह पौधा खुद से ही घर में उगता है तो उसे तुंरत हटा दें। इस पौधे में भी कांटे होते हैं जो आपके घर की ऊर्जा पर नेगेटिव प्रभाव डाल सकते हैं। इस पौधे के कारण आपको आर्थिक संकटों का भी सामना करना पड़ सकता है। मान्यता है कि जिस घर में बेर का पौधा होता है, वहां से धन की देवी मां लक्ष्मी अप्रसन्न हो जाती हैं।

### कांटेदार पौधे

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कभी भी कांटेदार पौधे नहीं लगाने चाहिए। यह आपके घर की सुख-शांति भंग कर सकते हैं। ऐसे पौधे जीवन में कई तरह की समस्याएं खड़ी कर सकते हैं। कांटेदार पौधे आपके घर में नेगेटिव एनर्जी ला सकते हैं। इसके अलावा रोजमर्रा की जिंदगी में यह समस्याएं खड़ी कर सकते हैं।

### नींबू का पौधा



कई लोग अपने गार्डन में नींबू का पौधा भी लगाते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, यह पौधा शुभ नहीं माना जाता है। इस पौधे के साथ आपकी उन्नति में रुकावट डालता है और घर में नेगेटिव एनर्जी का संचार करता है।

### आवंले का पौधा

आवंले का पौधा भी घर में नहीं लगाना चाहिए। आप इसे बगीचे में कहीं दूर पर लगा सकते हैं। इस पेड़ से आपके घर में कलेश और तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है। इसलिए भूलकर भी यह पौधा अपने घर में न लगाएं।



### बबूल का पेड़

घर में या फिर आस-पास कभी भी बबूल का पेड़ नहीं लगाना चाहिए। यह पेड़ घर में नेगेटिव एनर्जी लेकर आ सकता है। बबूल के पेड़ में कांटे होते हैं जो आपके जिंदगी में भी समस्याएं खड़ी कर सकते हैं।

## इन 5 बेकार पड़ी चीजों से सजाएं अपना आशियाना







घर में ऐसी बहुत सी पुरानी चीजें होती हैं, जिन्हें महिलाएं बेकार समझकर फेंक देती हैं। जरुरी नहीं कि आप घर को नया लुक देने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करें। आप घर में इस्तेमाल न होने वाली चीजों से भी घर को सजा सकते हैं। बेकार पड़ सामान से घर को नई लुक दे सकते हैं। बढ़ती महंगाई में होम डेकोर की चीजें खरीदने के लिए आप घर में पड़ी बेकार चीजों से घर सजा सकती हैं। तो चलिए आपको कुछ ऐसी चीजें बताते हैं जिनसे आप घर डेकोरेट कर सकते हैं।

### पुराने बैग करें रियूज

पुराने पड़े बैग महिलाएं अक्सर फेंक देती हैं। लेकिन आप इन बैग्स को एक नई लुक देकर घर डेकोरेट कर सकते हैं। आर्टिफिशयल फूलों का इस्तेमाल करके आप बैग का रियूज कर सकते हैं।

### कांच की बोतलें

आप कांच की बोतलें भी घर सजाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इन बोतलों का कैंडल स्टैंड के रुप में प्रयोग कर सकते हैं। पुराने ऊन के ऊपर फेवीकोल लगाकर आप बोतलों को डेकोरेट कर सकते हैं। आप इसका इस्तेमाल फ्लावर पॉट इस्तेमाल कर सकते हैं।



### पुरानी दराज

अक्सर कमरों की दराज खराब हो जाती है, जिसे महिलाएं ऐसे ही फेंक देती हैं। आप इस दराज का इस्तेमाल एक कॉर्नर के रुप में कर सकती हैं। इसमें आप फूलदान और एंटीक पीसेज रखकर इसे डेकोरेट कर सकती हैं।

### टायर

आप पुराने पड़े टायरों से भी घर सजाने की सुंदर चीजें बना सकती हैं। इनका इस्तेमाल आप गार्डन को सुंदर बनाने के लिए कर सकते हैं। टायरों को गाढ़े और चटक रंगों के साथ रंग लें। फिर इनमे मिट्टी भरकर आप इसमें सुंदर फूल और पौधे लगा सकते हैं। आप इन्हें कवर करके लॉबी या फिर बालकनी में रख सकते हैं।

### पुराने बक्से

आजकल भले ही इन पुराने बक्सों को कोई इस्तेमाल नहीं करता। लेकिन आप इनका इस्तेमाल अपने घर को सजाने के लिए कर सकती हैं। पुराने बक्सों पर पेंटिंग करके आप उन्हें अपने घर के किसी कोने में रख सकती हैं। इसके अलावा आप मैटल वर्क के साथ भी इन्हें आकर्षक लुक दे सकते हैं।



## घर की सीढ़ियों के नीचे भूलकर भी न रखें ये चीजें, बन सकती हैं बर्बादी का कारण



हर घर में सीढियां होती हैं। घर बनवाते समय कई लोग वास्तु को अनुसार, घर बनवाते हैं। यदि घर का वास्तु सही हो तो घर में पॉजिटिव एनर्जी रहती है। परंतु वहीं दूसरी ओर यदि घर में कोई वास्तु दोष हो तो व्यक्ति को जीवन में कई तरह की समस्याओं का सामन करना पड़ता है। घर की सीढ़ियों को लेकर भी कुछ वास्तु नियम बताए गए हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

### सीढ़ियों के नीचे न रखें कबाड़

सीढ़ियों के नीचे कभी भी कबाड़ का समान नहीं रखना चाहिए। इससे आपके घर में वास्तु दोष हो सकता है। साथ ही घर में नेगेटिव एनर्जी का संचार होता है।

### वाटर कूलर, इलैक्ट्रोनिक सामान

वास्तु के अनुसार,सीढ़ियों के नीचे कभी भी वाटर कूलर या फिर इलैक्ट्रोनिक का सामान नहीं रखना चाहिए। यह चीजें भी आपके घर में वास्तु दोष पैदा कर सकती हैं।

### इस दिशा में हो सीढ़ियां

वास्तु शास्त्र में दिशा का भी बहुत ही महत्व होता है। इस शास्त्र के अनुसार, दक्षिण पश्चिम दिशा में सीढ़ियां बहुत ही शुभ मानी जाती हैं। इससे व्यक्ति के जीवन में धन संपत्ति और वृद्धि होती है। इस दिशा में सीढ़ियां होने से व्यक्ति के जीवन में भी तरक्की होती है।



### मध्यम भाग

घर के मध्यम भाग में सीढ़ियां कभी भी नहीं बनवानी चाहिए। मध्यम भाग में ब्र्हमा का निवास होता है।

### ईशान कोण

ईशान कोण में भी भूलकर सीढ़ियां नहीं बनवानी चाहिए। इससे कोणे में सीढ़ियां बनाने से आपकी कर्ज और पैसे से जुड़ी समस्याओ का सामना करना पड़ सकता है।

### सीढ़ियों के नीचे न बनवाएं शोचालय

सीढ़ियों के नीचे भूलकर भी शोचालय, किचन और स्टोर नहीं बनवाना चाहिए। इससे आपके घर में वास्तु दोष पैदा हो सकता है। इसके अलावा मिक्सी ,आटा चक्की जैसी चीजें भी सीढ़ियों के नीचे नहीं रखनी चाहिए।



## लोहे के तवे पर जमी हुई गंदगी निकालने के लिए अपनाएं घरेलू नुस्खे



किचन में इस्तेमाल होने वाली छोटी से छोटी चीज का बहुत ही महत्व होता है। रोटियां और परांठे बनाते समय अक्सर तवा जल जाता है। बाहर से आने वाले किसी भी व्यक्ति की सीधी नजर घर के तवे पर ही पढ़ती है। ऐसे में तवे को साफ रखना बहुत जरुरी होता है। गर्म तवे पर भी रोटी जम जाती है जो कार्बन के रुप में तवे पर चिपक जाती है। खाना बनाते समय ये कार्बन रोटियों में जाता है। जिससे आपके पेट संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं कुछ ऐसे टिप्स जिनके जरिए आप तवे पर जमी गंदगी निकाल सकते हैं...



**गर्म तवे को करें साफ:** जब आप खाना बना लेती हैं तो तवा गर्म ही होता है। आप गर्म तवे को ही साफ कर ले। इससे तवे पर जमी किसी भी तरह की गंदगी साफ हो जाएगी। गर्म तवे को चम्मच से खुरेदें और फिर डिशवॉश लगाकर पानी से साफ कर लें। आपका तवा एकदम से चमक जाएगा। कार्बन निकलने के बाद तवे पर नार्मल डिशवॉश लगाएं और फिर उसे लोहे के स्क्रबर के साथ साफ करके। उसे पानी से धो लें।



**नमक और नींबू का करें इस्तेमाल :** तवे को साफ करने के लिए आप नमक और नींबू का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। यदि तवा ज्यादा जल चुका है तो आप उसे गर्म करें। फिर उसके ऊपर नमक का छिड़काव करें। नमक को थोड़ा सा ब्राउन होने दें और फिर उसे पानी से धो लें। लेकिन फिर भी अगर तवा साफ नहीं होता तो आप नींबू को छिड़कें और फिर उसके छिलके से तवे को रगड़ें। इससे आपका तवा एकदम साफ हो जाएगा और चमकने लगेगा।



**सिरके का करें इस्तेमाल :** आप तवे को साफ करने के लिए सिरके का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। तवे को गर्म करके सिरका सारे तवे पर छिड़क दें और लोहे के स्क्रबर से रगड़ें। आप देखेंगे कुछ समय बाद आपका तवा एकदम चमकने लगेगा।

**इन बातों का रखें खास ध्यान:** तवे पर सब्जी और चावल को कभी भी गर्म न करें। तवे को साफ करने के बाद कपड़े से पौंछ कर ही रखें। गिला तवा रखने से उसमें जंग लग सकता है। जले हुए तवे का कभी भी इ्स्तेमाल न करें। पहले तवे को साफ कर लें। फिर ही उसे खाना बनाने के लिए इस्तेमाल करें।

## न्यायालयों में भौतिक अधिकारों का हनन

सनत जैन

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की जमानत अर्जी पर सुनवाई में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की है। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट को इस मामले की शीघ्र सुनवाई कर फैसला देने का निर्देश दिया है। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की याचिका 21 मार्च 2022 से लंबित है। उनकी गिरफ्तारी इस जमानत याचिका के कई माह पूर्व हुई है। हाईकोर्ट में 6 माह से लंबित जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हुई। 6 महीने तक जमानत की याचिका को लंबित रखना, अपने आप में संविधान और मौलिक अधिकारों के हनन के दायरे में आ जाता है। जमानत के लिए अनुच्छेद 21 के अनुरूप जीवन जीने का अधिकार संवैधानिक है। गिरफ्तारी एक कानूनी व्यवस्था है। जमानत की याचिका पर हाईकोर्ट यदि 6 माह तक सुनवाई नहीं करे। तो यह मौलिक अधिकारों के हनन के दायरे में आता है। इसके लिए जब हाईकोर्ट जैसी संस्था स्वयं जिम्मेदार हों। ऐसी स्थिति में नागरिकों के मौलिक अधिकार कैसे सुरक्षित रह सकते हैं। यह शोचनीय है। भारतीय नागरिकों को संविधान ने जो मौलिक अधिकार दिए हैं। उसमें स्वतंत्रता का अधिकार सबसे महत्वपूर्ण है।जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को गिरफ्तार किया। एक समय सीमा के अंदर जांच पूरी करनी चाहिए थी।जांच पूरी होने तक अथवा गवाहों या तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की आशंका होने पर ही गिरफ्तारी को जायज ठहराया जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों से गिरफ्तारी के बाद कई माह और कई वर्ष तक जांच एजेंसियां जांच पूरी नहीं करती हैं।जो व्यक्ति गिरफ्तार है। उसकी जमानत के आवेदन पर जांच एजेंसियां वर्षों तक न्यायालयों में विरोध करती हैं। आरोपी जेल में ही बंद रहते हैं। जो स्वतंत्रता के अधिकार का दुरुपयोग है। जांच एजेंसियों के माध्यम यह हो रहा है। इसमें न्यायालय भी अपना दायित्व नहीं निभा पा रही हैं। आपातकाल के दौरान भी लोगों को वर्षों जेल में बंद रखा गया था। अंग्रेजों के बनाए हुए कानून ष्ह्मश्चष में 90 दिन के अंदर जांच एजेंसियों को जांच पूरी कर चालान पेश करने की अनिवार्यता थी। 90 दिन के अंदर यदि चालान पेश नहीं कर पाती थी। तो न्यायालय आरोपी को जमानत दे देती थी। जमानत की शर्तें न्यायालय जांच एजेंसियों की मांग के अनुसार तय कर देती थी। पिछले कुछ वर्षों में जांच एजेंसियों और सरकार द्वारा बनाए गए कुछ ऐसे कानून हैं।जिनमें न्यायपालिका के अधिकारों को सीमित करते हुए वर्षों तक गिरफ्तार व्यक्ति को जेल में रखा जाता है। वर्षों तक जांच पूरी नहीं होती है। वर्षों तक चार्ज शीट न्यायालय में पेश नहीं होती है। मुकदमा शुरू नहीं होता है। यह स्पष्ट रूप से मौलिक अधिकारों का हनन है। इसमें न्यायपालिका विशेष रूप से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। यदि नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संवर्धन न्यायालय में नहीं होगा। तो कहां होगा। जांच एजेंसियों की इस मनमानी तथा न्यायलयों से लंबी अव?धि तक जमानत नहीं मिलने से लोगों का न्यायपालिका और न्याय व्यवस्था से विश्वास कम हो रहा है। जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जरूरी होता है। न्यायपालिका को अपनी विश्वसनीयता और अपने अधिकार के साथ-साथ नागरिकों के अधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी है। सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्देश दिया है। निश्चित रूप से सभी हाई कोर्ट और निचली अदालतों को जमानत देने के मामले में सजगता बरतनी चाहिए। अन्यथा सरकार के इशारे पर नागरिकों के मौलिक अधिकार इसी तरह कुचले जाते रहेंगे। नागरिक प्रताड़ित होते रहेंगे।

# स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान : एक हुंकार जिसने सागर को जीवन दान दिया

प्रियंका सिंह राज

पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है, और महासागरों में पृथ्वी के कुल जल का लगभग 96.5 प्रतिशत भाग है। समुद्र को प्रदूषुत करने का अर्थ ,धरती के जीवन को नष्ट करनाढ्ढ आंकड़ों के अनुसार अगर प्लास्टिक की बोतल और बैग जैसी एकल उपयोग जैसी वस्तुएं समुद्र में फेंकना बंद नहीं हुई, तो 2050 तक दुनिया के महासागरों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक ज्यादा होगी। हर साल डेढ़ करोड़ टन से भी अधिक प्लास्टिक कचरा समुद्र में फेंका जाता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि यह समुद्र के पारिस्थितिक तंत्र के साथ-साथ समुद्री जीवों को भी हानि पहुंचाता है। व्हेल मछली हो या फिर कोरल सभी की जिंदगी को खतरा है।

स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान एक 75-दिवसीय तटीय सफाई अभियान जिसे 5 जुलाई को भारत के 7500 किमी लंबे समुद्र तट के साथ 75 समुद्र तटों को साफ करने के लिए शुरू किया गया था। अभियान का समापन ÷अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस÷, 17 सितंबर 2022 को हुआ और अभियान के अंतिम पड़ाव में , लोगो ने इस अभियान में समुद्र तटों की साफ़ करने का बीड़ा उठाया और 800 समुद्रीय तटो को साफ़ कियाढ्ढ

अभियान की गतिविधियों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया था- पहले 25 दिनों में समुद्र और समुद्र तटों की स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने का लक्ष्य रखा गया था और अभियान, उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में लोगों को सूचित करने के लिए ,सोशल मीडिया का जमकर इस्तेमाल किया गया। नागरिकों के बीच जागरूकता का फैलने के लिए और अभियान को लोकप्रिय बनाने हेतु अभिनेता, मशहूर हस्तियां, गायक और सोशल मीडिया प्रभावित सक्रिय रूप से लगे हुए थे , स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान से जोड़ा गया ! उनके सन्देश इस अभियान में एक अलग छाप छोड़ीढ्ढअभियान में कॉलेज जाने वाले, स्कूली छात्रों, एनएसएस, एनसीसी स्वयंसेवकों सहित युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के अंतिम 25 दिनों में कॉल टू एक्शन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके तहत वैज्ञानिकों, सरकारी अधिकारियों, नागरिक समाजों के सदस्यों और आम लोगों द्वारा समुद्र तट की सफाई की गतिविधियाँ की गईं। विज्ञान प्रसार और पृथिवी विज्ञानं मैत्रायलय के वरिष्ठ वैज्ञानिक, और अन्य तटीय अनुसंधान वैज्ञानिक ने अपने निर्दिष्ट समुद्र तटों का दौरा किया और समुद्र तट की सफाई गतिविधि और मेगा तटीय सफाई कार्यक्रम सुनिश्चित किया ,ताकि 17 सितंबर को, लोगों की अधिकतम भागीदारी के साथ सुचारू रूप निचित की जाये यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान सोशल मीडिया और अन्य मीडिया प्लेटफार्मों में एक व्यापक पदचिह्न चिह्नित कर सके, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पृथ्वी भवन में एक मीडिया कण्ट्रोल कक्ष स्थापित किया गया था। स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर/स्वच्छ तट सुरक्षित सागर, अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस हैशटैग और सोशल मीडिया पर उल्लेखों के साथ, राष्ट्रव्यापी प्रमुख तटीय सफाई अभियान पूरे जोरों पर था। हमने देखा, वासुकी, स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर शुभंकर, और समर्पित समुद्री योद्धा समुद्र तट की सफाई की । लोगो में स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान की उत्साही भागीदारी देखी गयीढ्ढ यह अभियान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राज्य के हर हिस्से में पहुंचा। स्वच्छ सागर - सुरक्षित सागर अभियान के माध्यम से तटीय जल, तलछट, बायोटा और तटरेखा जैसे विभिन्न मीट्रिक में वैज्ञानिक डेटा और समुद्री कचरे पर जानकारी एकत्र करने के लिए अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को बढ़ाने पर एक बड़ा जोर दिया गया था। जागरूकता फैलाने के लिए और आम लोगों के लिए 17 सितंबर 2022 को समुद्र तट की सफाई गतिविधि के लिए स्वेच्छा से संलग्न होने और पंजीकरण करने के लिए भारत में एक मोबाइल ऐप - इको मित्रम लॉन्च किया गया था।

डॉ जितेंद्र सिंह एक प्रेस वार्ता में डीप ओशन प्रोजेक्ट को प्रमुखता से प्रकाश डालते हुआ कहा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा डीप ओशन मिशन लॉन्च किया गया है। डीप ओशन मिशन, भारत सरकार की ब्लू इकॉनमी पहल का समर्थन करने हेतु एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है। इससे पूर्व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने ब्लू इकॉनमी पॉलिसी का मसौदा भी तैयार किया गया थाढ्ढ ब्लू इकॉनमी आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और रोज़गार एवं स्वस्थ महासागर पारिस्थितिकी तंत्र के लिये समुद्री संसाधनों का सतत् उपयोग है। अभियान के अंतिम दिन में केंद्रीय मंत्री पृथिवी विज्ञान, डॉ जीतेन्द्र सिंह जी ने कहा कि स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर जन आंदोलन बना। युवाओं, छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों से अपार भागीदारी के साथ, स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान यह एक स्वर में समुद्र को पुनः जीवन दान के दिशा में कार्यरथ है पृथिवी विज्ञान मंत्रालय के विशिष्ट वैज्ञानिक डॉ ओ पी मिश्रा , एक विशेष साक्षतर में बात करते हुआ कहा जब भी प्रदुषण से निपटने की बात आती है ,आदिकांश प्रयास, वायु प्रदूषण से निपटने के प्रयास में नज़र आते है , समुद्र में बढ़ाता प्रदुषण एक गंभीर समस्या है. जिससे निपटने के लिए ,सामुदायिक प्रयासों की आवश्यकता है , नाकि यह सिर्फ सरकारों की जिम्मेवारी है स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर इससे दिशा में एक अभिन्न अभियान हैढ्ढ स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान को सफलता पूर्वक संपन्न होने पर महत्वपूर्ण सन्देश देते हुए ,लोगो से यही अपील है की जल और थल से पूर्ण पृथिवी है ,इस पृथिवी की रक्षा करना हमारा दायित्व है. समुन्द्र जीवन है आपकी ,हमारी ,इस पृथिवी पर रहने वाले हर जीव की रक्षा करना हमारा दायित्व है आईये हम एक संकल्प ले की,समुद्र की साफ़ रखे और जल को स्वच्छ् निर्मल रखे ताकि पृथिवी फिर से पूर्ण जीवित हो सके डॉ. एम.वी. रमण मूर्ति, वैज्ञानिक ,एवं निदेशक, राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुआ कहा आने वाली पीढ़ियों के लिए समुद्र के संरक्षण बहुत ज़रूरी हैढ्ढ साथ ही यह भी उल्लेख किया कि अब समुद्री प्रदूषण के बारे में जन -जान तक शिक्षित और जागरूक करना ,समय की आवश्यकता है।आने वाली पीढ़ियों के लिए समुद्र और महासागर को संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है। इसके अलावा समुद्री प्रदूषण के बारे में शिक्षित करना और जागरूक करने के दृष्टि में, स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर इस दिशा में फलदायी रूप से आगे बढ़ रहा है।

डॉ नकुल पराशर , विज्ञान प्रसार ने इस अभियान से जुड़ते हुआ कहा यह अभियान समुद्री जीवन खतरे से निपटने के एकमात्र उद्देश्य के साथ चला ।

## गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है। जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो। यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है? वह तुम्हारे लिए केवल एक और बोझ है। बस, उसे अलविदा कह दो। तुम गुरु के साथ हो ताकि तुम गुरु के आनन्द में सहभागी हो।

## गाँधी परिवार का गहलोत ने तोड़ा भरोसा ?

प्रभुनाथ शुक्ल



राजस्थान का राजनीतिक संकट कांग्रेस और गांधी परिवार के लिए सबसे बड़ा सबब है। यह संकट एक तरफ सत्ता और दूसरी तरफ पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था का है। निश्चित रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधायकों का सामूहिक त्यागपत्र करा गांधी परिवार का भरोसा तोड़ दिया है। गांधी परिवार उन पर अटूट भरोसा और विश्वास करता था। यहीं वजह थी कि 2018 में सचिन पायलट की बगावत को शांत कर प्रियंका गांधी ने अशोक गहलोत का सियासी संकट खत्म कर दिया था।लेकिन बदली परिस्थितियों में गहलोत ने खुद संकट खड़ा कर दिया। उन पर अटूट भरोसे की वजह से ही कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए उन्हें आगे लाया गया था। सोनिया गांधी को इसकी कभी उम्मीद नहीं रही होगी कि गहलोत उनकी दुर्गति करा देंगे।

वर्तमान वक्त कांग्रेस के लिए संघर्ष का है। पार्टी के बेहद वफादार एक-एक करके टूटते चले जा रहे हैं। पूरे देश से कांग्रेस खत्म हो चली है। पार्टी के बड़े-बड़े दिग्गजों ने गांधी परिवार और कांग्रेस का भरोसा खोया है। जिन लोगों को कांग्रेस ने अर्श से फर्श पर बिठाया उन्हीं लोगों ने पार्टी की पीठ में छुरा घोंप दिया। सत्ता की चाहत में गांधी परिवार की सबसे विश्वसनीय व्यक्तियों में एक अशोक गहलोत ने भी जो कार्य किया गांधी परिवार के लिए यह सबसे बड़ा झटका है। कांग्रेस की उम्मीद राहुल गांधी एक तरफ भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। देशभर से लोग यात्रा में जुड़ रहे हैं। यात्रा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। लेकिन राजस्थान में गहलोत और उनके विधायक बगावत पर हैं। गहलोत यह नहीं कह सकते कि सारे राजनीतिक घटनाक्रम में उनकी कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने साफ कहा है कि सचिन पायलट को हम किसी भी कीमत पर मुख्यमंत्री नहीं स्वीकार कर सकते हैं। यह बात सच है कि गहलोत के पास विधायक अधिक है। लेकिन अगर इसी बात पर पायलट भी अड़ जाएं तो क्या गहलोत मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं। कोई भी पार्टी या संगठन अनुशासन, संतुलन और समायोजन से चलता है। व्यक्ति के अहम से नहीं। कांग्रेस और गांधी परिवार के पास राजनीतिक संघर्ष के दिन है। अच्छे-अच्छे कांग्रेसी नेता पार्टी का साथ छोड़ते जा रहे हैं। वैसे भी कांग्रेस को मुख्यमंत्री बदलना भारी पड़ता है। मध्यप्रदेश में कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया, पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह बनाम सिंधु और आसाम में तरुण गोगोई और हेमंत विश्वा के झगड़े ने सम्बंधित राज्यों में कांग्रेस की जड़ें उखड़ कर रख दिया। संबंधित राज्यों के राजनेताओं ने आलाकमान नहीं सुनी। राजस्थान में उसी कहानी को अशोक गहलोत ने भी दोहराया है। कांग्रेस की मुख्यधारा से टूट कर जो लोग निकले हैं इतिहास गवाह है वह कुछ हासिल नहीं कर पाए। क्योंकि संगठन से बड़ा व्यक्ति नहीं हो सकता। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संगठन और आलाकमान का विश्वास तोड़ कर सत्ता के लिए सबसे बड़ी गद्दारी की है। यह वक्त कांग्रेस को फिर से खड़ा करने का है।

सत्ता के क्षत्रपों के लिए संगठन कोई मायने नहीं रखता। बदलते राजनीतिक परिवेश में कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व यानी सोनिया गाँधी की कोई अहमियत नहीं रह गई है। कांग्रेस में वह वक्त हुआ करता था जब आलाकमान की एक लाइन पार्टी का अंतिम फरमान साबित होती थीं। लेकिन राजस्थान का संकट यह साफ इशारा करता है कि अब वह दौर खत्म हो चुका है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत किसी भी स्थिति में पद नहीं छोड़ना चाहते। पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री दोनों रहना चाहते थे। लेकिन राहुल गांधी के दो टुक के बाद उन्होंने अपना नजरिया बदल दिया था। लेकिन सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की सुगबुगाहट से उन्होंने अपना दांव चल दिया। राजस्थान के राजनीतिक हालात को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी को कड़े निर्णय लेने चाहिए। राजस्थान में कांग्रेस कहां जाएगी। उसका क्या होगा। तमाम ऐसे सवालों की चिंता छोड़ देनी चाहिए। अशोक गहलोत को हटाकर वहां नया मुख्यमंत्री चुनना चाहिए। अगर इससे के बाद भी बात नहीं बनती है तो मौन हो जाएं और खेल को देखें। कभी-कभी चुप रहना भी अच्छा होता है। सचिन पायलट जैसे नेताओं में राज्य का भविष्य दिखता है। सचिन युवा नेता है आने वाले कुछ सालों तक राजस्थान में कांग्रेस के लिए अच्छा काम कर सकते हैं।

## विनाश काले.... : क्या पायलट का विमान भी भाजपा के विमानतल पर 'लैण्ड' करेगा....?

### सूडोकू नवताल- 6206

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -6205 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

ओमप्रकाश मेहता



राष्ट्रीय पटल से अब धीरे-धीरे विलोपित होती जा रही कांग्रेस अब राज्यों की ओर मुखातिब हो गई है? क्योंकि किसी समय कई दशकों तक पूरे देश पर राज करने वाली कांग्रेस अब अपने 'दुर्दिन' देखने को मजबूर है, राष्ट्रीय राजनीति मे तो अब वह अपना वजूद खो ही चुकी, अब उसकी गिनी-चुनी राज्य सरकारें बुरे दिन देखने को मजबूर हो रही है, जिसका ताजा उदाहरण राजस्थान है, जहां एक शख्स की पद की हवस ने पूरी पार्टी को हाशिये पर ला दिया है। जी हाँ, यहां जिक्र राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गेहलोत का हो रहा है जो इन दिनों पौराणिक पात्र भस्मासुर की भूमिका अख्तियार कर अपनी जन्मदात्री पार्टी को भस्म करने पर तुले है, उनकी पद लिप्सा इतनी अधिक बढ़ गई है कि वे अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर आसीन होकर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद को भी अपने अधिकार में रखना चाहते है और युवा प्रभावी नेता सचिन पायलट को किसी भी स्थिति में मुख्यमंत्री नहीं बनने देना चाहते। इसीलिए यह राजनीतिक संभावनाएं स्पष्ट होने लगी है कि मध्यप्रदेश का इतिहास राजस्थान के युवा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह सचिन पायलट भी भाजपा में जा सकते है। उल्लेखनीय है कि जिस तरह मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व. माधवराव सिंधिया के सुपुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया का राज्य में उनकी खानदानी परम्परा के अनुरूप राजनीतिक वर्चस्व है, उसी तरह पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट के सुपुत्र सचिन पायलट का भी राजस्थान कांग्रेस में गहरी पैठ है, अब जब कांग्रेस संगठन के चुनाव सामने आए तो पार्टी आलाकमान से नजदीकी रखने वाले अशोक गेहलोत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की तमन्ना पूरी करने का प्रयास शुरू किया और काफी हद तक वे अपने प्रयासों में सफल भी रहे, किंतु उन पर 'पद लिप्सा' इतनी अधिक सवार हो गई कि उन्होंने राहुल गांधी के प्रिय पात्र सचिन पायलट की ही खिलाफत शुरू कर दी, इस मामले में वे राहुल जी की भी नहीं सुन रहे है, वे अपने ही किसी प्रिय पात्र को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर देखना चाहते है, जिससे कि कांग्रेस पार्टी के साथ राजस्थान पर भी उनका ही कब्जा बरकरार रहे। इसीलिए राजस्थान के उनके समर्थक 90 विधायकों ने इस्तीफें का नाटक किया और पार्टी में भीषण कलह पैदा किया। यद्यपि अभी अशोक जी कांग्रेस अध्यक्ष बने नहीं है किंतु उनका अचार-व्यवहार राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसा ही हो गया है।

देश की सबसे वयोवृद्ध पॉलिटिकल पार्टी कांग्रेस की दुर्गति एवं उसके ''वेंटिलेटर'' पर जाने का यही मुख्य कारण है, आज कांग्रेस के मौजूदा नेताओं को पार्टी की नहीं, बल्कि अपने स्वयं के वजूद की चिंता है, वे पार्टी के सिर पर सवार होकर उसे अपनी ''जूती'' से भी बदतर मानते है और जहां तक इस पार्टी के नेतृत्व का सवाल है वह तो गैर अनुभवी व लापरवाह है, उसे तो पार्टी वसीयत में मिली है, जिसे वह संभाल कर रखने में अक्षम सिद्ध हो रहा है। ....और इसी कारण गोवा, कर्नाटक आदि राज्यों में न सिर्फ कांग्रेस सत्ताहीन हुई बल्कि उसे अपना मौजूदा वजूद भी खोजना पड़ रहा है। ....और कांग्रेस की इस मौजूदा स्थिति का पूरा राजनीतिक लाभ भाजपा उठा रही है.... यदि यह कहा जाए कि भाजपा के सत्ता में बने रहने का एक मात्र कारण कांग्रेस है तो कतई गलत नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस ने आजादी के बाद के पांचा दशकों तक देश की सरकार तो चला ली, किंतु अब उसके मौजूदा नेतृत्व में इतना अनुभवी पुरातन वैभव लौटा सके, शायद पार्टी में इसी माहौल के चलते पार्टी के गुलाम नबी आजाद तथा कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं को अपमान महसूस हुआ और उन्होंने पार्टी से एक झटके में अपना बरसों पुराना नाता तोड़ लिया, अब कांग्रेस को ये ही 'विभीषण' त्रेतायुग की भूमिका में आकर पार्टी का खात्मा करने वाले है। ....और अब चूंकि देश के राजनीतिक पटल पर कांग्रेस के अलावा कोई भी अन्य राष्ट्रीय राजनीतिक दर्जा प्राप्त दल नहीं है।

## ऐसा होना ही था !

डॉ. भरत मिश्र प्राची

जिस दिन से कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की चर्चा चली एवं उस चर्चा के मुख्य केन्द्र बिंदु में राजस्थान के वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समाते चले गये जहां उनका अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जाने लगा, इस हालात में कांग्रेस के उदयपुर में हुये अधिविशन में एक व्यक्ति एक पद की पालना करने में अध्यक्ष बनते ही मुख्यमंत्री का पद छोड़ना पड़ सकता जिसके लिये अशोक गहलोत मन से कतई तैयार नहीं थे। जब कि इस तरह की चर्चा से पूर्व वे अपनी सही मासिकता जता चुके थे जहां अध्यक्ष के साथ - साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने की वकालत कर चुके थे पर भारत यात्रा में निकले राहुल गांधी से मुलाकात के बाद उनके सूर बदल गये, एवं अध्यक्ष बनने के बाद उपरी तौर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद को छोड़ने के लिये तैयार नजर आने के साथ इस पद पर युवा शक्ति के आने की वकालत करने लगे। नवरात्रा से पूर्व अध्यक्ष पद हेतु इन्हें नामांकन भी करना था पर नामांकन से पूर्व राजस्थान में कांग्रेस के भीतर नया सियासी घमासान शुरू हो गया जहां कांग्रेस की गुटबाजी उभर कर सामने नजर आने लगी। मुख्यमंत्री आवास पर विधायक दल की बुलाई गई बैठक में जहां कांग्रेय के नये नेता का चुनाव होना था जिसे प्रदेश का नया मुख्यमंत्री बनना था, संभवतः इस पद पर सचिन पायलट का नाम तय होना था पर इस नाम के लिये कांग्रेस विधायकों में एक मत नजर नहीं आया जिसकी तस्वीर विधायक दल की बैठक के पूर्व विधायकों अलग - अलग बाड़ेबंदी में नजर आई। जहां कांग्रेस का एक गुट मुख्यमंत्री आवास पर पहुचने के वजाय कांग्रेस नेता एवं मंत्री शांति धारिवाल के आवास पर पहुंचने लगा तथा कुछ विधायक मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे जहां विधायकदल की बैठक होनी थी। जहां दिल्ली से कांग्रेस के दो अब्बजर्बर मल्लिकार्जुन खड़गे एवं अजय माकन आये हुये थे जिनसे कांग्रेस विधायकों के एक बड़े धड़ा ने मिलने से साफ मना कर दिया। विषायक दल की बैठक से पूर्व शांति धारिवाल के निवास पर एकत्रित विधायकों ने अपना नेता अशोक गहलोत को मानते हुये वर्तमान राजनीतिक कार्यवाही के प्रति विरोध जताते हुये अपना सामूहिक त्यागपत्र विधान सभा अध्यक्ष के निवास पर जाकर सौंप आये जिससे विधायक दल की बैठक स्थगित हो गई। इस सियासी प्रक्रिया के पीछे किसका हाथ है, किसी से छिपा नहीं है जहां कुर्सी का खेल सर्वोपरि है । इस खेल के पीछे विपक्ष जादूगर की जादूगरी बता रहा जिसमें जादूगर अपने ही जाल में फंस गया। ऐसा तो होना ही था।

# अक्षय कुमार की राम सेतु से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं तेलुगु अभिनेता सत्यदेव



तेलुगु फिल्मों में उनके काम को व्यावसायिक और आलोचनात्मक प्रशंसा मिलने के साथ, तेलुगु अभिनेता सत्यदेव ने विशेष रूप से पिछले एक साल में अच्छी खासी संख्या हासिल कर ली है। अब, वह अक्षय कुमार-स्टारर राम सेतु से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार हैं, और उनका कहना है कि हिंदी फिल्मों की खोज करना हमेशा उनके दिमाग में था। जहां वह अपने चरित्र के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं, वहीं सत्यदेव बड़े बजट की हिंदी परियोजना के बारे में बैकस्टोरी देने में सहज हैं। उनका कहना है, यह कहीं से भी निकला। मैंने वहां अपना प्रोफाइल भी नहीं रखा था, और यह मेरी गोद में आ गया। यह एक बहुत अच्छी भूमिका है। कुछ चीजें होती हैं और हमें एहसास भी नहीं होता है कि यह हो रहा है और इसी तरह से मेरा बॉलीवुड डेब्यू हुआ। मैं कहूंगा कि मुझे जहां रखा गया है, उसके लिहाज से यह बॉलीवुड का सबसे अच्छा डेब्यू है। मैं इसे हिंदी सिनेमा को तलाशने के सबसे अच्छे अवसर के रूप में देखता हूं।

**अभिनेता आगे कहते हैं:** यह हमेशा योजना का हिस्सा था। मैं वास्तव में हिंदी सिनेमा और वास्तव में, सभी भाषाओं का पता लगाना चाहता था। इसी तरह मैं चीजों को देखता हूं और हिंदी निश्चित रूप से मेरी थाली में थी। ईमानदारी से, मैं व्यक्तिगत रूप से महसूस करता हूं। कि चीजें आपके साथ होती हैं क्योंकि आपके पास उन्हें पाने के लिए कहीं न कहीं एक विचार होता है। मेरा प्रमुख विचार हमेशा बड़े बाजारों, मलयालम, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ में विभिन्न फिल्मों की खोज करना था। हिंदी हमेशा मेरे दिमाग में थी। विकिपीडिया ने उनकी शुरूआत के रूप में एक और हिंदी फिल्म का उल्लेख किया है, अभिनेता ने स्पष्ट किया कि अभिषेक शर्मा की राम सेतु उनकी पहली फिल्म है। हालांकि, वह एक और प्रोजेक्ट के बारे में कुछ सामान्य बातें बताते हैं, जो उनका हिंदी डेब्यू हो सकता था। उन्होंने कहा, मैंने अफगानिस्तान में एक फिल्म की है और यह मेरा हिंदी डेब्यू होना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य से फिल्म रुक गई। अब मुझे खुशी है कि यह राम सेतु बनने जा रही है। सत्यदेव ने अपनी अगली तेलुगू फिल्म थिमारुसु की शूटिंग पूरी कर ली है और इसकी रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जबकि वह गोडसे की शूटिंग के बीच में हैं।

**अभिनेता चाहते हैं कि दुनिया उनकी फिल्में देखें, जैसा कि वे कहते हैं:** आप जिस भी अभिनेता से पूछें, वे उन फिल्मों का हिस्सा बनना पसंद करेंगे, जिन्हें पूरा भारत देखेगा, चाहे वह तेलुगु फिल्म हो या कोई भी फिल्म। आप चाहते हैं कि लोग आपका काम देखें। एक अभिनेता के रूप में, आप चाहते हैं कि लोग आपके द्वारा किए जा रहे काम को पहचानें। इससे आपको संतुष्टि मिलती है कि मेरी फिल्म को इतने सारे लोग देख रहे हैं। मैं अपने काम को अखिल भारतीय नहीं कहूंगा, बल्कि यह चाहूंगा कि पूरी दुनिया मेरी फिल्में देखे। हालांकि, वह भारत भर के फिल्म उद्योगों में हो रहे बदलाव से अवगत हैं। सत्यदेव कहते हैं बाहुबली और कुछ अन्य फिल्मों के लिए धन्यवाद। मैं सोच सकता हूं कि अखिल भारतीय फिल्म क्यों हुई। पहले डब हो रहे थे लेकिन अब लोग यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वे इसे विशेष रूप से अन्य भाषाओं के लिए भी बना रहे हैं। वे सेट बना रहे हैं अन्य भाषाओं से भी मेल खाने के लिए। पहले यह केवल तमिल और तेलुगु हुआ करता था। अभिनेता कभी तेलुगु में बात नहीं करते थे लेकिन माहौल परिचित होगा।

## तापसी पन्नू ने अनाउंस की अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म, साल 2022 में होगी रिलीज

तापसी पन्नू साउथ के बाद बॉलीवुड में भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं. उन्होंने कई हिट फिल्में अपने नाम की हैं और आने वाले दिनों में भी उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं. अब इसी बीच तापसी ने एक बड़ी अनाउंसमेंट की है. तापसी ने अब प्रोड्यूसर बनने का फैसला लिया है और अब बतौर प्रोड्यूसर वह अपना कमाल दिखाने वाली हैं. तापसी ने अपना



प्रोडक्शन हाउस आउटसाइडर्स फिल्म्स लॉन्च किया है. इस अनाउंसमेंट पर तापसी को सभी बधाई दे ही रहे थे कि एक्ट्रेस ने एक और अनाउंसमेंट कर दी है. उन्होंने प्रोडक्शन हाउस से पहली फिल्म का ऐलान किया है. फिल्म का नाम है ब्लर. तापसी ने फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए लिखा, 'और ये आउटसाइडर्स प्रोडक्शन की पहली फिल्म ब्लर. इस फिल्म को अजय बहल डायरेक्ट करेंगे जिसमें तापसी पन्नू लीड रोल में हैं. पिछले साल मुझे इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक दशक पूरा हो गया है. मुझे कभी नहीं पता था कि मैं यहां न केवल तैरने वाली हूं बल्कि वास्तव में अपने तरीके से तैरना सीखूंगी. जिसने कभी नहीं सोचा था कि वह पब्लिक फिगर बनेगी वो आज आप सभी को आपके प्यार और भरोसे के लिए थैंक्यू कह रही हैं. अब समय आ गया है आपको पेबैक करने का क्योंकि बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी आती है. तो मेरे लिए दुआ कीजिए और मैं वादा करती हूं कि आपके लिए बेस्ट लेकर आऊंगी क्योंकि आउटसाइड से जो व्यू होगा वो अच्छा होगा. अपनी जिंदगी का नया चैप्टर लिखने वाली हूं, आउटसाइडर फिल्म्स से बतौर प्रोड्यूसर. तापसी के प्रोडक्शन हाउस के नाम से लग रहा है कि वह आउटसाइडर्स को बॉलीवुड में काम दिलाने में मदद कर सकती हैं क्योंकि वह खुद भी आउटसाइडर थीं. खैर अब पहली फिल्म ब्लर के जरिए वह किस आउटसाइडर को मौका देती हैं ये तो आने वाले वक्त में पता चलेगा. अब तापसी का कहना है कि वह बतौर प्रोड्यूसर बेस्ट करने वाली हैं, लेकिन हाल ही में बतौर एक्ट्रेस वह अपनी फिल्म हसीन दिलरुबा से दर्शकों का दिल नहीं जीत पाईं. दरअसल, फिल्म हसीन दिलरुबा को लेकर तापसी काफी एक्साइटेड थीं. सोशल मीडिया के जरिए तापसी ने फिल्म का खूब प्रमोशन भी किया था. लेकिन फिल्म और तापसी को दर्शकों और क्रिटिक्स से मिक्स रिस्पॉन्स मिला था. हालांकि सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर काफी नेगेटिव कमेंट्स आ रहे थे. तापसी से जब फिल्म को मिल रहे खराब रिव्यू के बारे में पूछा था तो उन्होंने कहा था, डिस्कशन्स, डिबेट करना अच्छा है, लेकिन वो डिबेट की टोन में ही होना चाहिए. एक ऑडियन्स के नाते आप बताएं कि क्या अच्छा नहीं लगा. लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आप गलत बोलें जिससे कई लोगों को बुरा लग सकता है।

# नोरा फतेही करना चाहती हैं माधुरी की बायोपिक में काम



अपने डांस से लोगों के बीच मशहूर हुई अभिनेत्री नोरा फतेही कई बार माधुरी दीक्षित की तारीफ के कसीदे पढ़ चुकी हैं और अब फिर उन्होंने धक-धक गर्ल के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिन्हें देख लग रहा है कि वह माधुरी की बायोपिक में काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी के चंद्रमुखी वाले लुक में नोरा बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

नोरा पहले से ही माधुरी दीक्षित की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हैं। उनकी कुछ तस्वीरें भी सामने आईं, जिनमें नोरा ने माधुरी दीक्षित जैसी ड्रेस पहनी हुई है। इस दौरान वह माधुरी के सुपरहिट गाने डोला रे डोला को रिक्रिएट करती दिखीं। नोरा ने माधुरी के प्रति सम्मान व्यक्त किया और बताया कि वह माधुरी दीक्षित की बायोपिक में काम करना चाहती हैं। वह शो डांस दीवाने 3 में उनके साथ स्क्रीन शेयर कर फख्र महसूस करती हैं।

शो डांस दीवाने 3 के आने वाले वीकेंड में नोरा फतेही का एक अलग अंदाज देखने को मिलने वाला है। इस एपिसोड में नोरा, माधुरी के मशहूर डोला रे डोला वाले लुक में नजर आएंगी। दरअसल, डांस दीवाने 3 में बॉलीवुड के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर नोरा, माधुरी दीक्षित की तरह तैयार हुई हैं। वह डोला रे डोला पर परफॉर्म करते हुए माधुरी को एक शानदार ट्रिब्यूट देने वाली हैं। अपने यूट्यूब ब्लॉग में नोरा ने कहा था, माधुरी मेरी आदर्श हैं। मैं उनके साथ को-जज की भूमिका निभा रही हूं, मेरे लिए इससे बड़ी खुशी की बात और क्या हो सकती है मैंने कई बार उनके प्रति अपने प्यार का इजहार किया है। उन्होंने कहा, मैं उनकी क्रेजी फैन हूं। अगर मौका मिला तो मैं माधुरी की बायोपिक में काम करूंगी। मैं सिर्फ एक सपना देख रही हूं, जिसके साकार होने की शायद कोई उम्मीद नहीं है। नोरा जल्द ही फिल्म भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया में नजर आएंगी। टी-सीरीज के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक दुधैया ने किया है। यह फिल्म 13 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। नोरा फिल्म सत्यमेव जयते 2 में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। पिछली बार की तरह इस बार भी वह फिल्म में डांस का तड़का लगाएंगी। बता दें कि फिल्म सत्यमेव जयते के गाने दिलबर.. ने नोरा को रातों-रात स्टार बना दिया था।

# सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान का बनेगा सीक्वल

सलमान खान ने बॉलीवुड को कई शानदार फिल्में दी हैं। ऐसी ही एक फिल्म है बजरंगी भाईजान जिसमें सलमान ने अपने अंदाज से सभी को प्रभावित किया था। यह एक्शन ड्रामा फिल्म 2015 में रिलीज हुई थी, जो पर्दे पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म का सीच्ल बन सकता है। बजरंगी भाईजान के लेखक केवी विजेंद्र ने बताया है कि वह फिल्म के सीच्ल प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंगी भाईजान का सीच्ल बन सकता है। ऑरिजनल फिल्म के लेखक विजेंद्र सीच्ल प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं। विजेंद्र ने बताया, मैं बजरंगी भाईजान 2 की कहानी लिखने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने कुछ समय पहले सलमान से भी अपना विचार साझा



किया था। उन्हें मेरी इस फिल्म का आइडिया पसंद आया है। मैं सही तरीके से इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना चाहता हूं। उम्मीद है कि चीजें सही तरीके से चलेंगी। उन्होंने बताया कि सलमान बजरंगी भाईजान 2 को लेकर काफी उत्साहित हैं। विजेंद्र ने कहा, जब मैं उनसे संयोगवश मिला तो मैंने उन्हें बजरंगी भाईजान के सीच्ल के बारे में बताया। वह मेरे इस विचार से उत्साहित हैं और उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा आइडिया है। सलमान की यह फिल्म छह साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ का शानदार बिजनेस किया था। विजेंद्र एसएस राजामौली के पिता हैं, जिन्होंने बाहुबली जैसी एतिहासिक फिल्म की कहानी लिखी थी। बजरंगी भाईजान में करीना कपूर, हर्षाली मल्होत्रा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया था। फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प थी, जिसमें हर्षाली मुन्नी के किरदार में दिखी थीं।

## रिलीज होते ही ऑनलाइन लीक हुई प्रियदर्शन की फिल्म हंगामा 2

कानूनी कार्रवाई होने के बावजूद फिल्मों की पायरेसी थमने का नाम नहीं ले रही है। प्रियदर्शन की फिल्म हंगामा 2 भी पायरेसी का शिकार हो गई है। फिल्म रिलीज होते ही टेलीग्राम और तमिलरॉकर्स जैसी कई पायरेटेड साइटों पर लीक हो गई। इससे बेशक फिल्म के निर्माताओं को झटका लगा होगा क्योंकि एक तो फिल्म को रिव्यू कुछ खास नहीं मिले हैं, ऊपर से अब यह लीक हो गई है।सूत्रों के मुताबिक डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होते ही फिल्म हंगामा 2 पायरेसी की चपेट में आ गई है, जिसके चलते अब लोग इसे फ्री में देखने के लिए अवैध तरीके से डाउनलोड कर रहे हैं। हंगामा 2 की एचडी क्वालिटी के लिए लोग सर्च इंजन पर अलग-अलग कीवर्ड डालकर इस फिल्म को सर्च कर रहे हैं। सर्च इंजन प्लेटफॉर्म हंगामा 2 मूवी डाउनलोड, हंगामा 2 मूवी डाउनलोड तमिलरॉकर्स जैसे कई कीवर्ड से भरे हुए हैं। हंगामा 2, 2003 में रिलीज हुई फिल्म हंगामा का सीक्वल है। इसमें शिल्पा शेट्टी, परेश रावल, मीजान जाफरी और प्रणिता सुभाष ने अहम भूमिका निभाई है, वहीं, अक्षय खन्ना मेहमान भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में आशुतोष राणा, मनोज जोशी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर और टिकू तल्सानिया ने भी कॉमेडी का तड़का लगाया है, लेकिन उनके किरदार न के बराबर हैं। फिल्म को लेकर जितना हो-हल्ला मचा हुआ था, रिलीज के बाद माहौल उतना ही ठंडा हो गया है। हंगामा 2 से पहले तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरूबा रिलीज होते ही लीक हो गई थी। निर्माता-निर्देशक से लेकर फिल्म में काम करने वाले सितारे तक इसकी रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित थे कि इतने में ही फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई हसीन दिलरूबा तमिल रॉकर्स, टेलीग्राम और मूवी रूल्ज जैसी पायरेसी साइटों का निशाना बनी। फिल्म का पायरेटड वर्जन फिल्मीवैप, ऑनलाइन मूवी वॉचेज और 123 मूवीज जैसी कई पायरेसी साइटों पर भी उपलब्ध था। पायरेसी करने वाली साइटों पर कार्रवाई भी होती आई है, बावजूद इसके कई साइटें इसें बढ़ावा देती हैं।

# खुशी कपूर ने करवाया फॉर्मल सूट में बोल्ड फोटोशूट



श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें और फैमिली के साथ मस्ती करते हुए वीडियो शेयर करती रहती हैं. उनकी हर तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है. खुशी जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं. फैंस को उनका लुक काफी पसंद आता है. आज खुशी ने फॉर्मल लुक में फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं जो फैंस को बहुत पसंद आ रही है.खुशी को लाखों लोग सोशल मीडिया पर फॉलो करते हैं. अभी तक उन्होंने बॉलीवुड में कदम नहीं रखा है और उनके फैन पेज बन गए हैं जो उनकी फोटोज शेयर करते रहते हैं. खुशी का इंस्टाग्राम अकाउंट पहले प्राइवेट था उन्होंने कुछ समय पहले ही इसे पब्लिक किया है. तब से उनकी फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है.खुशी ने आज फॉर्मल सूट में बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है. फोटोज में खुशी अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं. उनका लाइट मेकअप और खुले बाल उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहे हैं. खुशी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- पावर सूट.खुशी की इन फोटोज से सेलेब्स कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. नव्या नवेली ने हार्ट इमोजी पोस्ट की थी तो शनाया कपूर भी कमेंट करना नहीं भूलीं. इन तस्वीरों को लगभग 50 हजार लोग लाइक कर चुके हैं.खुशी कपूर इन समय न्यूयॉर्क में अपनी एक्टिंग की पढ़ाई पूरी कर रही हैं. उनके पिता बोनी कपूर ने कहा है कि जब वह अपनी पढ़ाई पूरी कर लेंगी उसके बाद ही बॉलीवुड में कदम रखेंगी. साथ ही बोनी कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा है कि वह अपनी बेटी को लॉन्च नहीं करेंगे. वह चाहते हैं कि खुशी को कोई और फिल्ममेकर लॉन्च करे क्योंकि अगर वह उसे लॉन्च करेंगे तो उसकी गलतियों पर ध्यान नहीं दे पाएंगे. आपको बता दें बोनी कपूर ने अपनी बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर को भी लॉन्च नहीं किया था. जाह्नवी ने बॉलीवुड में करण जौहर की फिल्म धड़क से डेब्यू किया था. जिसके लिए उनकी काफी तारीफ की गई थी।

# मुंहासों को 1 ही दिन में जड़ से खत्म करता है लहसुन, जानिए कैसे



आजकल गलत खानपान और ब्यूटी प्रोडक्ट के इस्तेमाल के कारण चेहरे पर मुंहासे होना एक आम समस्या है। कई महिलाएं इस वजह से परेशान रहती हैं। ज्यादातर यह समस्या ऑयली स्किन वाली महिलाओं में ही देखी जाती है। मुंहासों की वजह से चेहरे की खूबसूरती खराब हो जाती है और कई बार तो स्किन पर दाग-धब्बे भी रह जाते हैं। इसके लिए लहसुन का इस्तेमाल करके मुंहासों की समस्या को जड़ से खत्म किया जा सकता है। तो आइए जानिए लहसुन का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है।

**लहसुन का पेस्ट** - लहसुन की 2 कलियों को पीसकर उनका पेस्ट बना लें और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। अब इस पेस्ट को मुंहासों पर लगाएं और 10 मिनट के बाद चेहरे को धो लें। इससे मुंहासे साफ हो जाएंगे।

**लहसुन का रस** - लहसुन की कुछ कलियों को पीसकर उसका रस निकाल लें और रूई की मदद से इसे मुंहासों पर लगाएं। 10-15 मिनट के बाद चेहरे को धो लें।

**लहसुन और हल्दी** - लहसुन की 2-3 कलियों को पीसकर उसमें चुटकी भर हल्दी मिला लें और पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को मुंहासों पर लगाएं और कुछ देर बाद चेहरे को धो लें।

**लहसुन और सेब का सिरका** - लहसुन की 2 कलियों को पीसकर उसका रस निकाल लें। अब इसमें 1 चम्मच सिरका और 1 चम्मच पानी मिलाकर अच्छी तरह मिक्स करें। इस मिश्रण को मुंहासों पर लगाकर कुछ देर के बाद धो लें।

## पॉप कॉर्न खाने वालों को कभी नहीं होंगी ये 4 बीमारियां, शरीर में होंगे ये 4 बड़े बदलाव



अक्सर हम सभी लोग मूवी देखते समय या सफ़र करते समय पॉपकॉर्न खाना पसंद करते हैं, यह आसानी से हर जगह मिल जाती है, और खाने में बेहद स्वादिष्ट होते हैं, लेकिन स्वादिष्ट होने के साथ साथ पॉपकॉर्न सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं, पॉपकॉर्न खाने से शरीर में आने लगते हैं 4 बड़े बदलाव

### कोलेस्ट्रॉल कम करता है

आजकल बहुत से लोग हाई और लो कोलेस्ट्रॉल की समस्या से परेशान रहते हैं, ऐसे में पॉपकॉर्न कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को नियंत्रित करता है और खून की धमनियों को चौड़ा करता है, जिससे हार्ट अटैक की सम्भावना काफी कम हो जाती है।

### 2- पाचन रखता है ठीक

पॉपकॉर्न में हाई फाइबर होता है, जो पाचन तंत्र को मजबूती प्रदान करता है, हफ्ते में 3 से 4 बार पॉपकॉर्न का सेवन करने से आटे के चोकर जितने पोषक तत्व प्राप्त होते हैं और पाचन ठीक हो जाता जाता है।

### बुढ़ापा रखे दूर

पॉपकॉर्न में एंटीएजिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो चेहरे पर झाइयाँ, झुर्रियां और डार्क सर्कल्स पड़ने से रोकती हैं, इससे आप लंबे समय तक जवान दिखते हैं।

# श्री बद्रीनाथ की प्रतिकृति को देखने उमड़ रहे महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट ।** शारदीय नवरात्रि को अभी 2 दिन ही बीते है लेकिन सादर मित्र मंडल के द्वारा लांजी के विश्वेश्वरैया चौक पर बनाई गई श्री बद्रीनाथ की प्रतिकृति को देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ रही है। बता दें कि सादर मित्र मंडल प्रतिवर्ष नवरात्र पर्व पर अपने अनोखे पंडाल निर्माण, साज सज्जा और भक्तिमय वातावरण के निर्माण को लेकर पूरे जिले भर में चर्चा में रहता है। लांजी नगर के युवाओं का ऐसा समूह जो देश भर के प्रसिद्ध मन्दिरों की प्रतिकृति बनाने के संकल्प के साथ लगातार बीते कुछ वर्षों से कार्य कर रहा है। सादर मित्र मंडल के द्वारा पूर्व में रत्नागिरी का स्वयंभू गणेश मंदिर, विश्व प्रसिद्ध केदार नाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाई जा चुकी है वही इस वर्ष चार धामों में से एक श्री बद्रीनाथ मन्दिर की प्रतिकृति बनाकर श्रद्धालुओं को आकर्षित किया है। सादर मित्र मंडल के सदस्यों ने चर्चा में बताया की श्री बद्रीनाथ मन्दिर का हिन्दू देवस्थान के रूप में विशेष महत्व है। श्री बद्रीनाथ चार धामो में से एक है। श्री बद्रीनाथ को तीर्थस्थानो में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। बद्रीनाथ अथवा बद्रीनारायण मन्दिर भारतीय राज्य उत्तराखण्ड के चमोली जनपद में अलकनन्दा नदी के तट पर स्थित है। यह मन्दिर भगवान विष्णु जी को समर्पित होने के साथ साथ चार धामों में से एक है। यह एक प्राचीन मंदिर है जिसका निर्माण 7वीं-9वीं सदी में होने के प्रमाण मिलते हैं। मन्दिर के नाम पर ही इसके इर्द-गिर्द बसे नगर को भी बद्रीनाथ ही कहा जाता है।




भौगोलिक दृष्टि से श्री बद्रीनाथ हिमालय पर्वतमाला के ऊँचे शिखरों के मध्य, गढ़वाल क्षेत्र में, समुद्र तल से 3,133 मीटर (10,279 फ़ीट) की ऊँचाई पर स्थित है। सर्दी की ऋतु में हिमालयी क्षेत्र की रूक्ष मौसमी दशाओं के कारण मन्दिर वर्ष के छह महीनों (अप्रैल के अंत से लेकर नवम्बर की शुरुआत तक) की सीमित अवधि के लिए ही खुला रहता है। यह भारत के कुछ सबसे व्यस्त तीर्थस्थानों में से एक है जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते है। हिमालय में स्थित बद्रीनाथ क्षेत्र भिन्न-भिन्न कालों में अलग नामों से प्रचलित रहा है। त्रेता युग में भगवान नारायण के इस क्षेत्र को ÷योग सिद्ध÷, कहा गया। द्वापर युग में भगवान के प्रत्यक्ष दर्शन के कारण इसे मणिभद्र आश्रम या विशाला तीर्थ कहा गया है। कलियुग में इस धाम को बद्रिकाश्रम अथवा बद्रीनाथ के नाम से जाना जाता है।

### पंडित प्रशांत कृष्ण शास्त्री की पूजा पद्धति और भजन आकर्षण का केंद्र

सादर मित्र मंडल द्वारा स्थापित पंडाल में पिछले तीन वर्षों से अपनी मनमोहित आवाज में भजनों और मंत्राचार से भक्तिमय वातावरण का निर्माण करते आ रहे है। जिन्हें सुनने भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। बतादे की पंडित प्रशांत कृष्ण शास्त्री ने अपनी आध्यात्मिक शिक्षा वृंदावन से पूरी की है और मूलतः कटनी के निवासी है। पिछले तीन वर्षों से नवरात्र पर सादर मित्र मंडल लांजी द्वारा स्थापित दुर्गा पंडाल में अपनी सेवा दे रहे है। और अपने दिव्य भजनों से इस क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। उन्हें सुनने आमगांव गोंदिया बैहर मलाजखंड से श्रद्धालु विशेष रूप से आते है।

## खंगार क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पिण्डारी जी के निधन पर किया शोक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-खंगार क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गड़कुडार महोत्सव के जनक आदरणीय पिण्डारी जी के निधन पर गुरुवार दिनांक 29/9/22 को नगर दबोह के वार्ड नम्बर 08 में एक शोक सभा आयोजित की गई।जिसमे समाज वन्धुओ ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।आदरणीय पिण्डारी जी के निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है।शोक सभा नगर दवोह मे मुकेश परिहार लहार वाले के मकान पर आयोजित की गई।श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले एन आर खेंगर लहार,मुकेश परिहार,विनोद परिहार,मलखान सिंह,भूपेंद्र सिंह,शिव दयाल सिंह,रवि,दयाराम,डा.किशोर सिंह दवोह,नीतेश परिहार शाहपुरा,महेश रूरा,पन्नालाल संसीगण,इदंलसिह शाहपुरा,राजकुमार शिक्षक देवरी,रमाकांत शाहपुरा,मानसिह धनोरा,भगवती प्रसाद विजयपुर,रमन प्रताप दवोह,जितेंद्र दवोह,ववलू मंगल सिंह,गिरजा शंकर,अतर सिंह लहार समाज के सैकड़ों बन्धुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया।वहीं उपस्थित समाज के लोगो ने 28/09/2022 को देवरी में रवि पुत्र मुन्ना सिंह के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया।



# सरस्वती शिशु हायर सेकेण्डरी स्कूल में किशोरियों को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

**पुष्पाजली टुडे**

**ग्वालियर।** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर ब्रांच द्वारा आज किलागेट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी में किशोरियों को जागरूक करने हेतु संस्था की शाखा प्रबन्धक श्रीमती नीलम दीक्षित जी के मार्गदर्शन में संपन्न किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किलागेट थाने से श्रीमती अंजू दुबे जी उपस्थित थी। उन्होंने अपने उद्बोधन में ग्वालियर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मानव दुर्व्यपार निषेध सप्ताह पर जागरूक रहने की अपील की।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद सिंह कुशवाह जी उपस्थित थे । उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी को किशोरव्यवस्था में होने वाले परिवर्तन पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गाइनेकोलॉजिस डॉ गरिमा यादव जी उपस्थित थी उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी बालिकाओं को मासिक धर्म में साफ सफाई में स्व प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य विषय पर जानकारी दी।




कार्यक्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज गुप्ता जी द्वारा की। साथ ही उन्होंने सभी को स्वास्थ्य पर जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की ओर से श्रीमती रेखा कुलश्रेष्ठ,श्रीमती अश्लेषा काटे श्रीमती प्रीति त्यागी,रजनी भगत जी , रामलखन , मुस्कान शर्मा आदि का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम के माध्यम से 150 बालिकाओं को जागरूक किया गया कार्यक्रम के अंत मैं विद्यालय परिवार की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# स्वच्छ वातावरण बनाना है पौधारोपण करना है - डॉ सुकर्ण मिश्रा

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया।** भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा उदगुवा मंडल के ग्राम खमेरा में हरा भरा मध्यप्रदेश पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा मौजूद रहे भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम खमेरा के स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डॉ सुकर्ण मिश्रा ने कहा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ग्राम ग्राम पहुंचकर पौधारोपण कर रहे हैं आज आपके ग्राम में जो युवा मोर्चा द्वारा पौधे लगाए गए हैं उन सभी पौधों की देखभाल भी करना जरूरी है पौधारोपण करने से स्वच्छ वातावरण बनता है जब ग्राम में हरियाली होगी तो खुशहाली भी होंगी आप सभी ग्रामवासी एक-एक पौधा ले जाएं और अपने खेत पर य ग्राम की चौपाल पर य कोई खाली प्रांगण है उसमें उस पौधे को लगाएं और उसकी देखभाल करें जब वो पौधा बड़ा हो जाएगा और हरियाली देगा तो आपके मन को प्रशंसा होगी कि हमारा लगाया हुआ पौधा गांव में हरियाली और स्वच्छ वातावरण दे रहा है कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला प्रभारी अतुल भूरे चौधरी के द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार उदगुवा मंडल युवा मोर्चा प्रभारी ऋषभ यादव के द्वारा किया गया इस मौके पर जनपद अध्यक्ष बृजेश यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष सतीश यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश यादव युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह गौरव दांगी राहुल पुरोहित अंकित शर्मा रिंकू बुंदेला युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष ऋषभ यादव सरपंच पंजाब सिंह पाल पवन यादव मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा राज प्रताप परमार प्रशांत दांगी विनोद अहिरवार राजेंद्र अहिरवार कोमल सिंह यादव सरपंच गरेरा पुष्पेंद्र अहिरवार राजकुमार राजपूत निरंजन सिंह राजपूत अमित यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे



# जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी ब्लैक स्पॉट का किया निरीक्षण

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-आज जिलाधीश महोदय श्री अक्षय कुमार सिंह सर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश सिंह चंदेल सर द्वारा शिवपुरी जिले के चार ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया जिसमे खूबत घाटी थाना सतवाडा। देहरदा चौराहा थाना कोलारस। ईश्वरी रेलवे पुल थाना बदरवास। अशोक होटल थाना दिनारा। यह वह 4 ब्लैक स्पॉट है जो 5 वर्षों से लगातार ब्लैक स्पॉट बने हुए हैं। जहां सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं घटित हुई है। ब्लैक स्पॉट उस 500 मीटर के क्षेत्र को कहा जाता है जहां 3 वर्षों में 5 या 5 से अधिक गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हुई हो या एक ही दुर्घटना में 10 या 10 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई हो। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत कोई भी ब्लैक स्पॉट 5 वर्षों तक नहीं दोहराया जाए तथा उसे जल्द से जल्द ठीक किया जाए। वर्तमान में शिवपुरी जिले में 12 ब्लैक स्पॉट है लेकिन यह 4 ब्लैक स्पॉट 5 वर्षों से निरंतर बने हुए हैं जिसकी गंभीरता देखते हुए आज जिलाधीश महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने इन ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर इन्हें जल्द से जल्द ठीक करने के एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री राजेश गुप्ता जी को निर्देश दिए।



# 17 दिन बाद पटरी पर लौटेगी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था

### शिक्षक संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल 17 वें दिन समाप्त

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के बैनर चले पुरानी पेंशन एवम क्रमोन्नति एवम 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 17 दिन से चल रहा प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल संघ के पदाधिकारियों के साथ सरकार की बैठक के बाद समाप्त कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष आशीष बिसेन के द्वारा जानकारी दी गयी कि सरकार ने आज आजाद संघ के प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए बुलाया था जो बातचीत सकारात्मक रही एवम सरकार के मांगों के प्रति आश्वासन, निलंबित शिक्षकों को बहाल करने एवम हड़ताल अवधि का वेतन ना काटने की बातचीत पर सहमति बनने पर हड़ताल को वापस ले लिया गया है। साथ ही साथ प्रदेशाध्यक्ष भरत पटेल ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया है कि आज से सभी शाला में अपनी उपस्थिति दें । एवम सरकार द्वारा मांगो को समय पर पूरा नही किया जाएगा तो मेरा आमरण अनशन जारी रहेगा। जब तक कि निलंबित सभी कर्मचारियों को बहाल नहीं किया जाता और अन्य मांगे पूरी नहीं होती है और हमारी यह लड़ाई का स्वरूप बदलते हुए शाला समय के पश्चात रात्रि कालीन धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज 17 वां दिन था। जिसमे लगातार अध्यापकों ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी कर रहे थे वर्तमान में लांजी ब्लॉक की दस संकुल के लगभग एक हजार के करीब अध्यापक, शिक्षक, शिक्षिकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल में उपस्थित हो रहे थे। जिससे पूरे ब्लॉक के 85त्र स्कूल प्रभावित थे। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक लांजी के अनिश्चितकालीन हड़ताल में मुख्य रूप से संघ के जिला उपाध्यक्ष चंद्रभूषण चौहान, ब्लाक अध्यक्ष तिलकचन्द बनोठे संयोजक मुकेश हरिनखेड़े, उपाध्यक्ष समारुलाल घोरमारे, कोषाध्यक्ष लालसिंह छेदाम, सचिव राजेन्द्र बारबूदे , रामकुमार रहांगडाले ,जगदीश भारद्वाज, किताबचन्द बिसेन, कृष्णा वैष्णव, जयभीम गजभिये, राजेश्वर मेहरकर, मनसुरे जी, दीपक रामटेके, तिलक नारनौरे, अनुपचन्द घोरमारे, लक्ष्मीकांत मड़ामे, लक्ष्मी बिसेन, कमल मेश्राम राजकुमार कुशले, भागचंद टेम्भरे, बनाफ़रे जी, शैलेन्द्र वशिष्ठ, अतुल हनोते, बीरबल दशरिये, ठंमक बनोठे, जगदीश हनोते,जगदीश भारद्वाज, संतोष बोरकर ,महिला जिला उपाध्यक्ष लता गनी, श्रीमती गुलनाज खान, गीता लिल्हारे, संध्या मरावी, गीता डोये, अर्चना दुबे, सुनीता सोनवाने, सरिता गौतम, डाली भाजीपले, तामेश्वरी बिसेन, रामेश्वरी पटले एवम बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका साथी उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने छात्रावासों में बेहतर व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।**कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई आदिम जाति कल्याण विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में अनुसूचित जाति-जनजाति के बालक व कन्या छात्रावासों में विद्यार्थियों के हित में बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित छात्रावास अधीक्षकों से कहा कि छात्रावासों में नियमित रूप से साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही गाइडलाइन अनुसार आदर्श तरीके से छात्रावासों का संचालन किया जाए। प्रत्येक छात्रावास व आश्रम में प्राथमिकता के साथ विद्युत, छत व फर्श सहित अन्य जरूरी मरम्मत कार्य भी समय पर करवाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री मिश्र ने शौचालय व स्नानागार में पानी निकासी की उचित व्यवस्था, पानी टंकी रखवाने, समुचित पेयजल व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही छात्रावास व आश्रम के सुदृढ़ीकरण कार्य के सत्यापन तथा अपूर्ण कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के कमरों में अध्ययन के लिए सभी जरूरी सुविधाओं का होना आवश्यक है। कमरों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पलंग, टेबल-कुर्सी, रैक इत्यादि की सुविधा दुरूस्त की जाए। किचन में प्लेटफार्म और डाइनिंग हॉल सुविधा के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आवश्यक होने पर जनसहयोग के माध्यम से भी व्यवस्थाएं दुरूस्त करें। प्रतिस्पर्धा के आधार पर छात्रावासों की रैंकिंग जारी करने एवं आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर पुरस्कृत करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि छात्रावास में पढ़ाई के लिए निवासरत बच्चों के प्रति सदैव घर व परिवार के बच्चों जैसा अच्छा व्यवहार करें। विद्यार्थियों के अभिभावकों के सतत् संपर्क में रहें। बच्चों को नियमित रूप से मार्गदर्शन प्रदान कर प्रेरित करें। सभी छात्रावासों में बच्चों की दिनचर्या निर्धारित करें और अच्छा नागरिक बनने के लिए अनुशासन की सीख देने के साथ ही अध्यापन कार्य भी करें। उन्होंने कहा कि छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधियां निर्धारित कर पीटी अभ्यास एवं बच्चों की रूचि अनुसार खेलों में भागीदारी भी सुनिश्चित करवाएं। खेल मैदान व खेलकूद सामग्री तथा कैरियर काउंसिलिंग के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों से छात्रावास भवन से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली और निराकरण के निर्देश दिए।



### राशन वितरण के संबंध में ली जानकारी

बैठक में छात्रावास व आश्रमों में रियायती दर से खाद्यान्न के उठाव के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि गत वर्ष में दुकानों से बायोमैट्रिक मशीन में तकनीकी त्रुटि के कारण छात्रावास मद के खाद्यान्न का आवंटन मशीन में शेष प्रदर्शित होने से पर्याप्त खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। जिला कलेक्टर द्वारा छात्रावासों में राशन वितरण के संबंध में जानकारी लेकर समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया। राशन दुकान से राशन वितरण संबंधी दिक्कतों को आपसी समन्वय से दूर करने और छात्रावासों में नियमानुसार समय पर राशन वितरण के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा निर्धारित राशि प्राप्त होने के तत्काल बाद छात्रावास में खाद्यान्न वितरण एवं गत दिवस राशन के ऑफलाइन वितरण के सत्यापन और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला संयोजक आर.के. सतनामी से छात्रावास में खाद्यान्न उठाव और उपलब्धता की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने, माह मार्च 2020 से खाद्यान्न वितरण की ऑडिट करवाने और ऑनलाइन डाटा के आधार पर कार्य के सत्यापन के लिए कहा।

# विजयपुर में खनन माफियाओं पर आपराधिक प्रकरण दर्ज




खबर का असर

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**श्योपुर**- श्योपुर जिले की जनपद पंचायत विजयपुर में अवैध उत्खनन / भण्डारण/ परिवहन की अनेक शिकायतें अशोक गर्ग, ममता गर्ग, कुलदीप अग्रवाल, चन्द्रशेखर गौर एवं अनिल कुशवाह द्वारा की गई थी जिनकी जाँच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयपुर द्वारा की गई थी। जॉच में दोषी पाये जाने के बाद सहायक खनिज अधिकारी श्योपुर आर. पी. कमलेश द्वारा दिनांक 27.09.2022 को पुलिस थाना विजयपुर में पहुंच कर अवैध उत्खनन, भण्डारण, परिवहन करने वाले फर्म संचालकों मोहन गुप्ता, शिवजी गुप्ता, गोपेश मित्तल, राहुल गर्ग पर भा.द.वि. की धारा 379, 414 एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4/21 के तहत् आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया है। उक्त फर्म संचालकों द्वारा दिनांक 01.04. 2014 से 31.03.2022 के मध्य अपने वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु करोड़ो रूपये के खनिज पदार्थो का अवैध उत्खनन / भण्डारण / परिवहन कर मध्यप्रदेश शासन को करोड़ो रूपये की आर्थिक क्षति पहुचायी है। अभी पूरे प्रकरण में उन वाहन तथा वाहन मालिकों का कोई उल्लेख नही किया गया है जिन्होनें अपने वाहनों के माध्यम से चोरी किए हुए खनिज पदार्थो का परिवहन किया है ना ही कोई वाहन जब्ती संबंधी कार्यवाही की गई है।

# गौ माता पर हो रहे अत्याचारों के निवारण हेतु व गो अभयारण्य की मांग को लेकर गोहद में होगी बृहद बैठक

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** डॉ राजेश जाटव (संयोजक - गो अभ्यारण मांग समिति) से प्राप्त जा जानकारी अनुसार वर्तमान में एक ओर जहां गौ माता लंपी वायरस से ग्रसित होकर करुणा क्रंदन कर रही है वहीं दूसरी ओर शासन प्रशासन एवं गोपाल को की नकारात्मक मानसिकता के चलते सरेराह मृत होने के लिए मजबूर है दिन रात चलने वाले भारी वाहनों के कारण गौ माता प्राण देने के लिए मजबूर हो रही है वहीं दूसरी ओर गोपालक अपने निहित स्वार्थ के चलते दूध होने के बाद गौमाता को सड़कों पर भटकने के लिए मजबूर कर देते हैं ऐसे में गौ माता पर चारों ओर से प्राण संकट की बन पड़ी है शासन प्रशासन द्वारा लगातार गौशाला निर्माण की बात कही जा रही है और कहीं-कहीं पर निर्माण हो रहा है वहां भी गौशाला में भ्रष्टाचार की बलि चढ़ रही है ऐसे में आवश्यकता इस बात की है की गोहद क्षेत्र में एक विशाल गो अभ्यारण बनाए जाए इसके लिए थोड़े वाली माता एवं अल कुआं पहाड़ जो गोहद से लेकर गोहदी एवं डांग पहाड़ वि र खड़ी तक फैला हुआ विशाल गो अभ्यारण बनाया जा सकता है जिस पर न केवल गोहद तहसील अपितु भिंड जिले के आसपास की गौ माताओं को आश्रय दिया जा सकता है डांग पहाड़ पर पत्थर खनन किए जाने पर विशालकाय जल स्रोत का निर्माण हुआ है जहां से पानी की व्यवस्था हो सकती है केवल आवश्यकता इस बात की है इस विशाल क्षेत्र को तार फेंसिंग के माध्यम से व्यवस्थित कर दिया जाय भिंड जिला प्रशासन सांसद एवं विधायक मिलकर इस कार्य को सहज रूप में मूर्त रूप दे सकते हैं जिससे गौ माता के आश्रय और भरण पोषण की समस्या भी दूर हो जाएगी और आवागमन के समय होने वाली दुर्घटनाएं समाप्त प्राय हो जाएंगी इतना ही नहीं जो कृषक दिन रात भटक कर फसल की रखवाली करने के लिए मजबूर होते हैं उन्हें भी सुरक्षा मिलेगी इसके लिए क्षेत्रवासियों को भी सहयोग करने की आवश्यकता है विशेषकर गोहद नगर के गौ प्रेमी और समाजसेवी व्यक्तियों को आगे आना चाहिए तभी इस कार्य को मूर्त रूप दिया जा सकता है क्योंकि गो अभ्यारण ही गौ माता को कष्ट से निजात दिलाने का एकमात्र उपाय है गो अभ्यारण की मांग को लेकर गोहद शासन प्रशासन के साथ बैठकर शीघ्र ही एक बैठक का आयोजन किया जाएगा ताकि योजना को मूर्त रूप दिया जा सके ।

## जेई से गाली गलौच करने,धमकाने व शासकीय कार्य मे बाधा डालने पर युवक पर मामला दर्ज

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**- दबोह थाने में बीती रात विधुत विभाग के सुपरवाइजर अशोक डावर की शिकायत पर दबोह पुलिस ने एक व्यक्ति पर सुपरवाइजर से गाली गलौच करने,धमकाने व शासकीय कार्य मे बाधा डालने पर युवक पर मामला दर्ज किया है ।पूरे मामले में सुपरवाइजर अशोक डावर ने बताया कि बिधुत वितरण केन्द्र दबोह क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं.08 हाई स्कूल गेट के सामने भिण्ड-भाडेर रोड दबोह में लाखनसिंह कौरब पुत्र रघुवीर सिंह कौरब के नाम से गैर-घरेलू कनेक्शन संचालित है ।जिसका कनेक्शन क्रमांक 2195010666 है ।जिस पर बकाया राशि 43784 रुपये है ।दिनांक 27.09.2022 को राजस्व वसूली के दौरान उक्त कनेक्शन को बकाया राशि पर काटा गया था ।दिनांक 28.09.2022 को 11 बजे प्रार्थी द्वारा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के संबंध में वसूली हेतु समस्त स्टाफ के साथ चर्चा की जा रही थी तभी प्रार्थी के कक्ष मे श्री रामजी(खुशीराम) कौरव पुत्र लाखनसिंह कौरव द्वारा समय लगभग 11~10 बजे बिना अनुमति के कार्यालय के अंदर घुस आये और आकर सीधे माँ बहिन की गालियां एवं जातिगत गाली-गलौच की और बोले कि किसने मेरा कनेक्शन काटा है ।जिसके बाद सुपरवाइजर अशोक डावर के द्वारा उनको समझाइस देते हुए बताया कि आपका विद्युत बिल बकाया है ।जिसे आप जमा करा दीजिए,परन्तु आरोपी ने विद्युत बिल की राशि जमा न कराकर अभद्र व्यवहार कर अपने आवेदन को टेबल पर फेक दिया ।उस समय के कक्ष में उमेश कुमार(लाइन परिचालक),धर्मेन्द्र कुमार(मीटर रीडर),नफीस खान(अनस्किल्ड),श्री दीपक(अनस्किल्ड)कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे ।अशोक डावर ने कहा कि मैं विद्युत विभाग दबोह में सहायक प्रबंधक के पद पर पदस्थ है और मैं मध्यप्रदेश के जिला खरगोन का निवासी हूँ एवं अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आता हूँ ।सभी स्टाफ एवं उपभोक्ताओं के सामने इस तरह के कृत्य से मेरी बमभावनाओं को ठेस पहुँची और मेरा जातिगत अपमान हुआ है ।सुपरवाइजर अशोक डावर ने बताया कि पूरे सबंधित मामले के वीडियो रिकॉर्ड उनके पास मौजूद है ।फिलहाल तो दबोह सुपरवाइजर अशोक डावर की शिकायत पर दबोह पुलिस ने आरोपी पर धारा 353,452,186,294 भादवि,3(1)द,3(1)ध,3(2)(ङ्क)एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## आदर्श गौशाला धर्मपुरा पडोरा में आज से होगा गौमाता का प्रवेश

**अरुण कुशवाह रिपोर्टर पुष्पांजलि टुडे**



**कोलारस।** कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया की आज रात्रि 8 बजे से कोलारस नगर में सड़कों पर बेसहारा घूमती नजर आने वाली गौ माताओं को प्रशासन व समाजसेवी भाइयों के सहयोग से श्री गोकुल धाम आदर्श गौशाला धर्मपुरा पड़ोरा में प्रवेश कराया जाएगा। कृपया अपनी गौ माताओं को अपने घर पर ही रखें, सड़कों पर न छोड़े एवं सभी कार्यकर्ता साथियों से इस पुण्य कार्य में सहयोग हेतु सादर आमंत्रित किया है सभी गौमाता की सेवा कर पुण्य लाभ कमाएं।

## गोहद चौराहे की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु एमपीआरडीसी के साथ गोहद थाना प्रभारी व यातायात थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



**मोनू बाथम**

**गोहद।** पुलिस अधीक्षक महोदय शैलेंद्र सिंह चौहान जी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरपूसे जी व एसडीओपी सौरव कुमार के निर्देशन में सड़क दुर्घनाओं को रोकने व गोहद चौराहे की यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु थाना प्रभारी गोहद चोराहा रविंद्र शर्मा, यातायात थाना प्रभारी रंजीत सिकरवार, एमपीआरडीसी प्रबंधक पारस रत्नाकर ने संयुक्त रूप से मय बल के निरीक्षण किया , छिमका व गोहद चोराहा दो स्थान ब्लैंक स्पॉट के रूप में चिन्हित है दोनों स्थानों पर सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु ब्रेकर बनाने, कम गति से वाहन चलाने हेतु चालकों को प्रेरित करने , तथा अत्याधिक गति से चलने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही करने के सम्बन्ध में कार्य योजना तैयार की वहीं चौराहे पर मोड़ को ओर अधिक चोड़ा करने की योजना पर विचार विमर्श किया । सड़क सुरक्षा समिति की मीटिंग में उक्त बिंदुओं को सम्मलित कर दुर्घटनाओं पर विराम लगाने व टैरिफ व्यवस्था सुधारने की योजना की जायेगी तैयार ।

**थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा**

## नगर परिषद भवन के पीछे हो रहे है गंदगी



**रिपोर्टर -~प्रतिश अग्रवाल**
**पुष्पांजली टुडे**

**गुना** जिले के मधुसुदनगढ़ नगर परिषद भवन के आगे जितनी साफ सफाई है उससे दोगुनी ज्यादा गंदगी भवन के पीछे है नगर परिषद बस आगे आगे से जितना चमक रहा है वैसे ही चारो तरफ सफाई पर ध्यान क्यों नही दिया जा रहा हैं शहर के मुख्य जगह पर सफाई होती है और गली मोहल्ले में कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसकी सफाई नगर परिषद को करवाना चाइए जिस पर आवारा पशु बैठे रहते है और उस गंदगी को वजह से लंपी जैसे रोग फैल सकते है।

## एबीवीपी पिछोर ने विद्यालयों में मनाई शहीद भगत सिंह जी की जयंती

**रिपोर्टर - महेंद्र सिंह रजक**

**पिछोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पिछोर द्वारा आज भारत मां के वीर सपूत महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह जी की जन्म जयंती



शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय पिछोर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदरवास में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने शहीद भगत सिंह जी की जीवन गाथा पर अपने अपने विचार रखें साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया जिसमें उपस्थित विद्यालय के शिक्षक व कार्यकर्ता दीपक पालवंशी, नगर मंत्री श्यामसुंदर प्रजापति,नमन मिश्रा,राजा कोली, प्रशांत तिवारी रजनीकांत शर्मा , सुमित योगी , अमन शर्मा ,प्रदीप प्रजापति , राहुल शर्मा, बंदना केवट,साधना केवट,दिव्या कुशवाह,पूजा राजोरिया, से उपस्थित थे।

## प्रेम नारायण माहौर मध्य प्रदेश किसान सभा राज्य उपाध्यक्ष राजेश शर्मा राज्य समिति सदस्य चुने गए

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

भिंड। बीते रोज ग्वालियर में संपन्न मध्य प्रदेश किसान सभा रगज्य सम्मेलन का उद्घाटन अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजस्थान विधानसभा के पूर्व विधायक कामरेड अमराराम ने किया उन्होंने कहा कि देश में किसान की चेतना जाग चुकी है तीन किसान विरोधी कानूनों को किसान आंदोलन के दबाव में मोदी सरकार द्वारा वापस लिये गये अब एमएसप, कर्जा मुक्ति और किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए परिवारों का पुनर्वास एवं किसानों पर लादे गए मुकदमे वापस लेने का जो काम मोदी सरकार द्वारा किया गया है मोदी सरकार वो वायदा अधूरा है उसके खिलाफ किसान आंदोलन तेज किए जाने का उन्होंने इरादा जाहिर किया

इस अवसर पर मध्य प्रदेश किसान सभा राज्य समिति का चुनाव किया गया जिसमें बादल सरोज राज्य अध्यक्ष अखिलेश यादव राज्य महासचिव सुरेंद्र जैन कोषाध्यक्ष के अलावा अन्य पदाधिकारियों में भिंड से किसान सभा राज्य सम्मेलन में शामिल भिंड किसान सभा के जिला अध्यक्ष कामरेड प्रेम नारायण माहौर किसान सभा राज्य उपाध्यक्ष एवं किसान सभा भिण्ड जिला महासचिव राजेश शर्मा मध्य प्रदेश किसान सभा सम्मेलन में समिति सदस्य चुने गए ! सम्मेलन में समापन भाषण अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड अशोक धवले द्वारा दिया गया उन्होंने आगामी समय में किसान विरोधी लाई जा रही नीतियों के खिलाफ नतीजा परक आंदोलन चलाए जाने का आह्वान किया।





## सागर संभाग की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत चंदेरा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर रश्मि जैन को अपर कलेक्टर से अभद्रता करना पड़ा महंगा , डीआईजी ने सस्पेंड कर किया लाइन अटैच

**संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़** जिले के चंदेरा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रश्मि जैन को सस्पेंड कर लाइन अटैच किया गया है। थाना प्रभारी को अपर कलेक्टर से अभद्रता करना महंगा पड़ गया है। वहीं कुछ दिन पहले उनका विवाद अपर कलेक्टर अभय सिंह ओहरिया से हो गया था। ओहरिया की शिकायत पर डीआईजी विवेक राज सिंह ने रश्मि जैन को लाइन अटैच कर जांच शुरू कर दी है। इसके पहले चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन का थाना प्रभारी लिधौरा हिमांशु भिंडिया जी से अभद्रता करने का मामला सामने आया था। एसपी ने शैलेंद्र सक्सेना को चंदेरा थाने की कमान सौंपी है। दरअसल चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन की बीते दिनों अपर कलेक्टर अभय सिंह से कहासुनी हो गई थी। मामले की शुरुआत ग्राम चंदेरा में हुई। जहां एक महिला फरियादी अपर कलेक्टर अभय सिंह के समक्ष लेकर पहुंची थी। अपर कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी रश्मि जैन को उक्त मामले का निराकरण कराने के निर्देश दिए थे। जिस पर वह भड़क गई और दोनों के बीच विवाद हो गया था। जिसके बाद अपर कलेक्टर ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी लिखित रूप से कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी को दी। साथ ही पूरे मामले से एसपी प्रशांत खरे को अवगत कराया गया। जिसके बाद छतरपुर रेंज के डीआईजी ने रश्मि जैन को निलंबित करने की कार्रवाई की है। मामले की प्राथमिक जांच टीकमगढ़ एसडीओपी बीडी त्रिपाठी को सौंपी गई है।



कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला टीकमगढ म0प्र0
--आदेश--
उप निरीक्षक शैलेन्द्र सक्सेना, थाना कोतवाली को प्रशासनिक दृष्टि से अस्थाई रूप से अग्रिम आदेश तक तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर थाना प्रभारी चंदेरा के पद पर पदस्थ किया जाता है।

28/9/22
(प्रशान्त खरे)
पुलिस अधीक्षक
जिला टीकमगढ
07683-242350

कमांक-पुअ/टीकम/स्था0/ 4444-पी /2022 दिनांक 28-09-2022
प्रतिलिपि-
1- पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर की ओर कृपया सादर सूचनार्थ।
2- पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर रेंज छतरपुर की ओर कृपया सादर सूचनार्थ।
3- सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर कृपया सूचनार्थ।
4- अति0 पुलिस अधीक्षक जिला टीकमगढ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5- अनु0 अधि0 पुलिस टीकमगढ/जतारा जिला टीकमगढ की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6- रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन टीकमगढ।
7- समस्त संबंधित थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी जिला टीकमगढ की ओर भेजकर लेख है कि उपरोक्त अधि0/कर्म0 की तत्काल रवानगी/आमद कराना सुनिश्चित करें।
8- रक्षित निरीक्षक वास्ते ओ0बी0 करने हेतु।
9- प्रभारी कन्ट्रोल रूम जिला टीकमगढ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10- मुलि/स्टेनो/वेतन/सेपुलि/ओएम/जिविशा/सीसीटीएनएस को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11- संबंधितों को द्वारा थाना प्रभारी/रo नि0 के सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

28/9/22
पुलिस अधीक्षक
जिला टीकमगढ

### जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के संरक्षण का आरोप

चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन पर जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के संरक्षण के आरोप कई दिनों से लगाए जा रहे हैं। इसी के चलते उनकी अधिकांश तैनाती जतारा विधानसभा के अलग-अलग थानों में ही होती रही है। यही कारण है कि बीते दिनों लिधौरा थाना प्रभारी हिमांशु भिडिंया और रश्मि जैन के बीच किसी मामले को लेकर आपसी विवाद हो गया था। जिसकी जांच डीएसपी प्रिया सिंधी के पास है , लेकिन राजनीतिक दखल के चलते मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया?।

## जेलर दिनेश सिंह द्वारा शिवपुरी सर्किल जेल में योग प्राण विद्या ध्यान कार्यक्रम सम्पन्न।

**आर एस रजक**





**शिवपुरी**- खबर शिवपुरी जिले की सर्किल जेल से है जहाँ आज बन्दी जनों के बीच योगाचार्य स्वामी श्यामदेव (योग प्राण विद्या विशेषज्ञ) द्वारा अपराध न करने एवं नशा छोड़ने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही सभी बंधु जनों को अच्छे आचरण और बाहर जाने के बाद अपने काम और परिवार के लोगों से साथ में रखने की सलाह साथ ही प्राणायाम एवम ध्यान कराया गया। दी साथ ही इस कार्यक्रम के मौके पर सर्किल जेल के जेलर दिनेश साहू मौजूद रहे सहयोगी के रूप में रामस्वरूप रजक रहे जो कि हैं मौजूद रहे। उन्हीने हमें अपनी मासिक पत्रिका भी भेंट की।

# श्री आईमाता रो दरबार वेब सीरीज का हुआ लोकार्पण, रविवार से होगा पहले एपिसोड का प्रचारण

**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर~** बिलाड़ा कस्बे में श्री आईमाताजी के जीवन चरित्र पर आधारित ऐतिहासिक हिंदी धार्मिक (फिल्म) वेबसिरिज श्री आईमाता रो दरबार का पहला प्रिव्यू शो व् टाइटल सांग का प्रसारण, माधवसिंह जी दीवान साहब पूर्व केबिनेट मंत्री आईपंथ के वर्तमान दीवान साहब के कर कमलो द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम वेब सीरीज के पोस्टर का विमोचन किया गया। श्री आईमाता रो दरबार के प्रथम एपिसोड के प्रिव्यू शो के शुभारंभ में सम्बोधित करते हुए धर्मगुरु ने आईपन्थ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए मंगल मीडिया के प्रयासों की प्रशंसा की और शुभकामनाएं दी। मंगल मीडिया के डायरेक्टर कैलाश चौधरी ने बताया कि श्री आईमाताजी के जीवन चरित्र पर आधारित इस वेब सीरीज का प्रसारण हर रविवार को 7 बजे मंगल मीडिया




के यूट्यूब चैनल पर व फेसबुक पेज पर किया जायेगा। चौधरी ने बताया कि इस वेब सीरीज़ की शूटिंग आई माताजी के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलो पर की गई है, अब तक कुल 22 एपिसोड का निर्माण हुआ है। वेब सीरीज़ के शुभारंभ पर सीरवीं समाज के कोटवाल प्रेमसिंह हाम्बड, गोपाल सिंह बन्ना, धन्नाराम लालावत, साहित्यकार मोहनलाल जी राठौड़ उचियारड़ा, गोपाराम पँवार, हनुमान राम झाँझावत, भोलाराम हाम्बड़, चद्रसिंह राठौड़, मोहनलाल, मनोहर लाल मुकाती, कल्याण सिंह , रमेश सीरवी, धन्नाराम राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

## अम्बाह न्यायालय ने पुलिस पर फायरिग करने बाले अभियुक्त को सात बर्ष की सजा सुनाई

**पुष्पांजली टुडे**




**अम्बाह ।** नगरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अपराध क्रमॉक 112/12 धारा 307-34 में उद्भूति सत्रवाद प्रकरण क्रमॉक 161/13 में मुख्य दो आरोपी थे इन्दलिया उर्प इन्दल सिह निवासी घमडी की खोह सिकहरा व गणेश पाल सिह तोमर चक्की का पुरा सिलाबली यह दौनो चौरी की लाल कलर की बुलैरो नगरा तरफ लेजारहै थे अम्बाह एसडीओपी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली तो उन्हौने नगरा थाना को बारनेस सेट पर सूचना दी थाना प्रभारी मय फोर्स के रोड पर चैकिग लगाई और लाल कलर की बुलैरौ गाडी को रोकने का प्रयास किया परन्तु नही रूकी तो गाडी का पीछा किया तो उसमे बैठे बदमाशो ने पुलिस पर फाइरिग कर जान से मारने के लिये गाडी चढाने का प्रयास किया जिसमे एक सिपाई सुनील घायल होगया अपराधी भाग निकले बाद में दौनो आरोपियो पर अपराध कायम कर गिरप्तार कर जेल भेज दिया जिसका केश अम्बाह न्यायालय में जिला अपरसत्क न्यायाधीश पंकज कुमार जैन समक्ष प्रस्तुत हुआ जिसमे पैरवी रामसेबक मिश्रा अपरलोक अभिजक ने कर उक्त एक आरोपी इन्दलिया इन्दल सिह को सात बर्ष की सजा सुनाकर जेल भेजा जिसमे एक आरोपी की पूर्ब में ही मृत्य होगई थी

# ग्वालियर में हुआ रोजगार दिवस का आयोजन

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया ग्वालियर की इनक्यूबेशन इकाई का ई-लोकार्पण

### ग्वालियर में सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

### विभिन्न हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिए मिला 1.74 करोड़ से अधिक ऋण अनुदान



ग्वालियर। सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ग्वालियर जिला मुख्यालय पर भी गुरूवार को यहाँ सीपी कॉलोनी स्थित उद्योग विभाग के अपैरल इनक्यूबेशन सेंटर परिसर में जिला स्तरीय रोजगार दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें सरकार की विभिन्न स्वरोजगारमूलक योजनाओं के तहत लगभग दो दर्जन हितग्राहियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये एक करोड़ 74 लाख रूपए से अधिक ऋण अनुदान वितरित किया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के बुदनी में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम से ग्वालियर की अपैरल इनक्यूबेशन इकाई सहित प्रदेश के विभिन्न इंक्यूबेशन सेंटर्स व औद्योगिक क्लस्टर्स का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों के युवाओं को सरकार की विभिन्न स्व-रोजगारमूलक योजनाओं के तहत स्व-रोजगार के लिये ऋण अनुदान वितरित किया।

यहाँ सीपी कॉलोनी में लैदर फैक्ट्री के स्थित अपैरल इंक्यूबेशन सेंटर के प्रथम तल पर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव ने फीता काटकर अपैरल इंक्यूबेशन इकाई का शुभारंभ किया। साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, अंत्यावसायी विभाग की योजना एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 21 स्वरोजगारियों को एक करोड़ 74 लाख रूपए से अधिक ऋण-अनुदान के प्रमाण-पत्र सौंपे। जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन पर बुदनी में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी हुआ। कार्यक्रम के बाद सांसद श्री शेजवलकर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव ने इंक्यूबेशन सेंटर का जायजा भी लिया। साथ ही लाभार्थियों से भी चर्चा की।

सांसद श्री शेजवलकर ने जिला स्तरीय रोजगार दिवस समारोह में मौजूद लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब अपनी स्वरोजगारमूलक इकाई से न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण करें, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दें। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर बनने के लिये केवल सरकारी नौकरियाँ ही पर्याप्त नहीं हैं। हमें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उद्योग धंधे स्थापित करने होंगे। इसके लिये केन्द्र व राज्य सरकार हर संभव आर्थिक मदद व तकनीकी सुविधायें प्रदान की जा रही है। उन्होंने लाभार्थियों का आह्वान किया कि वे केवल रोजगार पाने वाले नहीं, रोजगार देने वाले भी बनें।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव ने कहा कि युवाओं को उद्योग विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिये आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के युवाओं को स्वयं के उद्यम स्थापित करने में जिला पंचायत से हर संभव मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में औद्योगिक अधोसंरचना विकास निगम ग्वालियर के महाप्रबंधक श्री डी के श्रीवास्तव व जिला उद्योग केन्द्र के प्रभारी महाप्रबंधक श्री राजेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी मौजूद थे।

# गाँवों में संपत्तिकर की वसूली प्रमुखता से की जाए : श्री तिवारी

### जिला पंचायत सीईओ ग्रामीण अंचल में पहुँचे

### अमृत सरोवर सहित अन्य योजनाओं के तहत निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा



ग्वालियर। पोर्टल पर दर्ज गाँव के सभी निवासियों से संपत्तिकर सहित अन्य करों की वसूली प्रमुखता से करें। ग्रामीणों को समझाएँ कि यदि आप सब ग्राम पंचायत द्वारा लगाए गए कर जमा नहीं करेंगे तो पानी, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधायें मिलने में कठिनाई आयेगी। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को दिए। श्री तिवारी गुरूवार को जिले की जनपद पंचायत मुरार के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण पर पहुँचे थे। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों से 15 दिवस में कर वसूली का प्रतिवेदन मांगा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तिवारी ने ग्राम बंधोली, बहांगीखुर्द, रतवाई, गोबई, रसीदपुर सहित अन्य ग्रामों में शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी। साथ ही नल-जल योजना, अमृत सरोवर, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, प्रधानमंत्री आवास तथा मनरेगा के तहत चल रहे रोजगारमूलक कार्यों का जायजा लिया। लम्पी वायरस से गौवंशीय पशुओं को बचाने के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर किए जा रहे टीकाकरण व उपचार व्यवस्था का भी उन्होंने जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि अमृत सरोवर तालाबों के आस-पास वृक्षारोपण कराएँ। साथ ही जन सहयोग से सौंदर्यीकरण भी कराएँ, जिससे ग्रामीण जनों में इन तालाबों के प्रति अपनत्व बना रहे।

इस अवसर पर जनपद पंचायत मुरार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### अभियान बतौर बनवाएँ शेष परिवारों के आयुष्मान कार्ड

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य मैदानी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शेष पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड अभियान बतौर बनवाएँ। प्रयास ऐसे हों जिससे सभी पात्र परिवारों के कार्ड एक हफ्ते में बन जाएँ।

### लम्पी वायरस की रोकथाम में ग्राम पंचायतें अग्रणी भूमिका निभायें

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने ग्राम पंचायतों के सरपंच और मैदानी अमले से कहा कि लम्पी वायरस की रोकथाम व उपचार में ग्राम पंचायतें अग्रणी भूमिका निभायें। पशुओं के टीकाकरण में सहयोग करें। साथ ही जिन पशुओं में लम्पी वायरस के लक्षण पाए जाएँ उन्हें अलग रखने में भी पंचायतें मदद करें।

## प्रतिभाशाली जैन छात्रों का महाकुम्भ 13 नबम्बर को

**चयनित छात्र-छात्राओं का होगा सम्मान**

ग्वालियर। देशभर के जैन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का महाकुम्भ 13 नबम्बर को ग्वालियर में होने जा रहा है । गुरुमां गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी की संघस्थ बहिन कंचन दीदी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण भारत के जैन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञानार्ष भक्त परिवार द्वारा आचार्य ज्ञानसागर अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 12 एवं 13 नबम्बर को ग्वालियर में होने जा रहा है। परमपूज्य गुरुदेव सराकोद्धारक समाधिस्थ आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की पावन प्रेरणा एवं आशीर्वाद से विगत 21 वर्षों से समाज की प्रतिभाओं का सम्मान निरन्तर जारी रहा । गुरुदेव की समाधि के पश्चात उनकी परम प्रभावक शिष्या गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री आर्षमती माताजी ने प्रतिभा सम्मान की परम्परा को निरन्तर जारी रखने का संकल्प लिया । माताजी के पावन निर्देशन में गतवर्ष प्रथम सम्मान समारोह का आयोजन सिहोनियाँ जी में किया गया था ।

# मप्र दिव्यांग क्रिकेट टीम का चयन

**31 अक्टूबर से लखनउ में आयोजित होगी राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता**

ग्वालियर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा सपोर्टेड संस्था डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के संयोजन में आगामी 31 अक्टूबर से 7 नवंबर 2022 तक आयोजित राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम का चयन आज कैप्टन रुप सिंह स्टेडियम के माधवराव सिंधिया क्रिकेट परिसर प्रैक्टिस क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। चयन प्रक्रिया में मप्र के विभिन्न शहरों के लगभग 50 दिव्यांग खिलाडियों ने भाग लिया। टीम का चयन ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एशोसिएशन के सिलेक्टर्स अजय तायल एवं हरपाल यादव द्वारा किया गया। मप्र फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएसन के सचिव संजय सिंह तोमर एवं सहसचिव उमेश गुप्ता ने बताया कि 31 अक्टूबर से 7 नवंबर 2022 तक लखनऊ में आयोजित होने जा रहे 20 राज्यों के दिव्यांग नेशनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मप्र दिव्यांग क्रिकेट टीम का चयन किया गया है।

**मप्र दिव्यांग क्रिकेट टीम इस प्रकार है:** मप्र दिव्यांग क्रिकेट में राजगढ़ से सचिन सिसोदिया कप्तान , ग्वालियर से प्रतीक द्विवेदी उपकप्तान, ग्वालियर से योगेंद्र भदौरिया विकेटकीपर, राहुल यादव भिंड, आकाश यादव छिंदवाड़ा, प्रीतम सोलंकी रतलाम, अब्दुल शहजाद दमोह सागर, गोपाल सिंह बघेल रीवा, शिवम राठौर अनूपपुर, आशीष उपाध्याय रायसेन, शिवांशु शर्मा, रामनिवास सिंह गुर्जर, नीरज टांक एवं संजय खान सभी ग्वालियर के साथ ही अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में राजेश, सूरजभान शर्मा, संजीव साहू एवं सुनील गुर्जर को शामिल किया गया है।

# नियम कानून का उपयोग हमेशा जनहित में हो : संभाग आयुक्त श्री सक्सेना

### नगर निगम परिवार ने दी पूर्व प्रशासक श्री सक्सेना को दी विदाई

ग्वालियर। शासकीय नियम, कायदे, कानून आम लोगों की भलाई के लिये बने हैं। शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमों का अच्छे से अध्ययन कर उसका उपयोग आम जनों के हितार्थ करना चाहिए। संभागीय आयुक्त एवं पूर्व नगर निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना ने यह बात बुधवार को नगर निगम ग्वालियर द्वारा आयोजित विदाई समारोह में कही। समारोह में महापौर डॉ. शोभा सिकरवार विशेष रूप से उपस्थित थीं।

विदाई समारोह में एडीजी श्री डी श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, सेवानिवृत्त कलेक्टर श्री आर के जैन, सेवानिवृत्त कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त श्री विनोद शर्मा के साथ ही एडीएम श्री एच बी शर्मा और जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

नगर निगम ग्वालियर में लंबे समय तक नगर निगम प्रशासक का पदभार संभालने वाले श्री आशीष सक्सेना को नगर निगम परिसर की ओर से विदाई दी गई। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने विदाई समारोह में कहा कि नगर निगम शहर विकास के साथ-साथ आम जनों से जुड़ी हुई मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। नगर निगम का अमला 24 घंटे अपने दायित्वों के निर्वहन में लगा रहता है।



संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी कार्य की अधिकता के कारण नियमों का अध्ययन कम करते हैं। अधिकारियों को शासन के नियमों का अच्छे से अध्ययन करना चाहिए और उसका उपयोग आम लोगों के हितार्थ करना चाहिए। वर्तमान में चुनी हुई परिषद के साथ शहर विकास के सभी आयामों पर निगम खरा उतरेगा। इसकी पूरी आशा है और मेरी शुभकामनायें भी हैं।

विदाई समारोह में महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना को पुष्प-गुच्छ भेंट किया। उन्होंने उनके सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना भी की।

कार्यक्रम में एडीजी श्री डी श्रीनिवास वर्मा ने कहा कि संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना बहुत ही संवेदनशील और नियमों के अच्छे जानकार व्यक्ति हैं। उन्होंने ग्वालियर और चंबल संभाग के संभागीय आयुक्त पद पर रहकर कई नवाचार किए और आम लोगों के कल्याण के लिये शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन भी सुनिश्चित कराया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना के मार्गदर्शन में जिले में अनेक कार्य किए गए हैं। इसके साथ ही कोरोना महामारी, निर्वाचन, बाढ़ नियंत्रण के समय भी उनका मार्गदर्शन बहुत ही प्रेरणादायक रहा है। उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर ही हम लोगों ने कुछ बेहतर कर पाया है।

# सड़कों पर सियासत सिंधिया महल तक पहुंची

### कांग्रेस विधायक ने दी सिंधिया महल पर धरने की चेतावनी

ग्वालियर। ग्वालियर में खराब सड़कों को लेकर अब सियासत शुरू हो गई है. यही वजह है कि सड़क पर हो रही सियासत सिंधिया महल तक पहुंच चुकी है. कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार ने शिवराज सरकार पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा है कि अपने आपको ग्वालियर के महाराज कहने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शहर की आम जनता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर करोडों रुपए पानी की तरह बहा रहे हैं, लेकिन शहर की सड़कों को लेकर उनके पास बजट नहीं है. इसके साथ ही कांग्रेस विधायक ने शिवराज सरकार को चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन के अंदर शहर की सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया तो सिंधिया महल पर कांग्रेसियों के साथ धरना देंगे.



### जनता के साथ पक्षपात कर रहे सिंधिया

इन दिनों ग्वालियर में सड़कों की हालत काफी खराब है. शहर की 280 ऐसी सड़के हैं जो पूरी तरह से जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं. इसी को लेकर जब सिंधिया समर्थकों, पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल ने नगर निगम दफ्तर के सामने धरना प्रदर्शन की बात कही, जिसके बाद महापौर पति और कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार भी मैदान में कूद आये है. विधायक सतीश सिकरवार ने कहा है कि जिस तरीके से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शहर के आम जनता के साथ पक्षपात कर रहे हैं उसको लेकर कांग्रेस पार्टी उनके खिलाफ प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है।

### सड़कों के लिए सरकार के पास बजट नहीं

विधायक सतीश सिकरवार ने कहा कि शहर की सड़कों के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास पैसा नहीं है. जिन प्रोजेक्टों की अभी जरूरत नहीं है उन प्रोजेक्टों पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रहे हैं. कांग्रेस विधायक ने कहा है कि उन्होंने सीएम शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया नरेंद्र सिंह तोमर को पत्र लिखा है कि जल्द से जल्द शहर की सड़कों को दुरुस्त किया जाए, अगर ऐसा नहीं हुआ तो सिंधिया महल के सामने सभी कांग्रेसी के साथ प्रदर्शन करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### चार गौहत्यारे गिरफ्तार

**पुलिस ने 17 लोगों के हथियार लाइसेंस भी निरस्त किए अब तक 7 लोग पकड़ाए**



ग्वालियर। ग्वालियर के चकरायपुरा गांव में बीते दिनों गौ हत्या, बीफ खाने और गाय के मांस को बेचने के मामले में तीन औ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कलेक्टर ने इसी गांव के 17 लोगों के हथियार लाइसेंसी निरस्त करने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार चार आरोपियों की निशानदेही पर इन्हें पकड़ा है। ग्वालियर के महाराजपुरा थाना इलाके के चकरायपुरा गांव में गौ मांस बेचने का मामला सामने आया था। मामले में फारुक खान निवासी अलावलपुर जुओ हरियाणा, इस्माइल खान निवासी चाचौड़ा गुना, शाहिद खान निवासी चाचौड़ा गुना को पकड़ा है। ये तीनों बाइपास पर होटल संचालित करते हैं, यहां पर ये बीफ बेच रहे थे। गौ हत्या मामले में पुलिस ने मुरारी खान,सईद खान समेत चार को पहले गिरफ्तार किया था। हिन्दू संगठनों ने थाने का घेराव कर पर अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की हे। उधर पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने खुद मैदान में आने की चेतावनी दी है।

**गौ हत्या पर पवैया ने किया ट्वीट**

पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने पोस्ट में लिखा था कि गौ- रक्त की एक बूंद गिरना भी दुःखद है और असहनीय भी...। सर्व पितृ अमावस्या की पूर्व संध्या पर गौ-भक्त की सूचना पर ग्वालियर के महाराजपुरा थानांतर्गत चक रायपुर में गौ की कटी हुई देह और मांस पकड़ा गया। मांस बेचने वाले तो पकड़े, लेकिन हत्यारे नदारद हैं। जानकारी मिली है कि इस इलाके में असहाय गायों की अनवरत हत्या करके कुछ ढाबों पर बेचने का पाप किया जा रहा है और यह आश्चर्यजनक कि कसाइयों के पास 30 शस्त्र लाइसेंस हैं। अवैध निर्माण इनके ऐश-गाह बने हुए हैं। इस रैकेट की तह तक जाने के लिए त्वरित और कठोरतम कार्रवाई होना जरूरी है। मध्य प्रदेश संपूर्ण गौवध बंदी कानून वाला राज्य है, फिर कौन हैं, वे लोग जिनके संरक्षण में हिंदू संवेदनाओं से खेला जा रहा है? अगर देर हुई तो कसाइयों के अड्डे पर मैं स्वयं कूच करने के लिए बाध्य हो जाऊंगा।

**यह है पूरा मामला**

ग्वालियर शहर के महाराजपुरा थाना स्थित चकरायपुरा गांव से किसी अनजान व्यक्ति ने सूचना दी थी कि गांव में सईद खान, मुरादी खान, पप्पू खान व बटूरी खान ने गौ हत्या की है। उनके घर पर गाय का मांस पड़ा होने और जश्न मनाने की बात कही थी। अनजान व्यक्ति की सूचना पर महाराजपुरा पुलिस ने वरिष्ठ अफसरों को पूरे मामले से अवगत कराया था। पुलिस अफसरों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल महाराजपुर थाने के बल को रवाना किया। पुलिस ने उस गौ हत्या की सूचना देने वाले के बताए नामों वाले व्यक्तियों के घर दबिश दी तो वहां गाय का पका हुआ मांस बरामद हुआ है। साथ ही गौ मांस की दावत खा रहे चार लोगों को मौके पर से हिरासत में लिया था। जब पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो पता लगा कि गौ हत्या सईद खान के घर पर की गई थी। वहीं, मांस पकाया गया था। बीफ खाने की तैयारी भी चल रही थी। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ गौकशी का मामला दर्ज कर लिया था।

**इनके हथियार लाइसेंस निरस्त**

हसमत खान पुत्र रुस्तम खान, गुलशन बेगम पत्नि गप्पे खान, अली खान पुत्र हनीफ खान, राजा खान पुत्र रमजान खान, मोहम्मद राजा खान पुत्र आइए खान, नसरीन बानो पत्नी रसीद खां, हनीफ खान पुत्र अंगूर खान, सज्जन खान पुत्र सूरज खान, लाल खान पुत्र अहमत खान, सन्नो बाई पत्नि पट्टो अब्दुल हुसैन, आसिफ खान पुत्र आइए खान, आकाश खान पुत्र मोहम्मद खान, सलामत खान पुत्र लियाकत खान, असरफ खान पुत्र शब्बीर खान, जफरूद्दीन खान पुत्र कातूर खान, हसन खान पुत्र पुट्टो खान, अब्दुल हुसैन पुत्र पप्पो खान निवासी चकरायपुरा और कुंअरपुर के रहने वाले हैं।

### तलवार की कीमत होती है धार से, अच्छे इंसान की कीमत होती है सद्व्यवहार सेः मुनिश्री

**48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रो से युक्त संगीतमय भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान चल रहा है**



ग्वालियर। जीवन ऐसे जियो कि जहां रहो सब आपको प्यार करें, जहां से आप जाओ पीछे सब आपको याद करें और आप जहां जा रहे हो वहां पर सब आपका इंतजार करें। तलवार की कीमत होती है धार से, पर अच्छे इंसान की कीमत होती है सद्व्यवहार से। सद्व्यवहार करने वाला कभी नहीं मरता क्योंकि वह लोगों के दिलों में युगो युगो तक जीवित रहता है। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज गुरुवार को गुड़गुड़ी का नाके पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया की माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल आशियाना भवन में विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ 48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रो से युक्त संगीतमय भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान में भक्तामर पाठ में भक्तिमय स्वरो के साथ साथ समाज लोगो ने सामूहिक रूप् से भक्तामर माढने पर भक्तामर के 48 महाकाव्यों दोहे का वाचन डॉ ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जैन कर एक एक कर 48 दीपको के साथ ऋद्धि सिद्धी मंत्रो उच्चारणो के साथ प्रज्वलित कर समर्पित किए गये। वही समाज के लोगो ने भजनों की भक्ति नृत्य करते हुए 48 दीपकों से भगवान आदिनाथ की महाआरती की गई।

**हर शब्द शास्त्र बन सकता है बस लिखने वाला चाहिए**

मुनिश्री ने कहा कि परमात्मा आपके भीतर बैठा है। लेकिन आप बाहर खोज रहे है। क्रोध, माया, मोह को हटाते जाओं परमात्मा तुम्हारे भीतर से प्रकट होगा। बुद्धि हमेशा साफ रखो। परमात्मा जिसको देता है बुद्धि हर लेता है। हर पत्थर भगवान बन सकता है लेकिन उसके लिए प्रतिष्ठा और पूजा करने वाला चाहिए। हर शब्द शास्त्र बन सकता है बस लिखने वाला चाहिए। बुद्धिमान लोगों को सचेत करते हुए कहा कि बुद्धि में जब तक भोलापन है तब तक आप श्रेष्ठ है। जिस दिन बुद्धि में भोलापन दूर हुआ उसी दिन से तुम्हे तिकडमबाज कहा जाने लगेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478